राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा अब बरेली में मात्र 5/- में

# जागरण मोर्चा

सफलता के 5 वर्ष

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | www.jagranmorcha.com | जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 31 | शनिवार 14 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण एकादशी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया

# 'अफवाह फैला रही कांग्रेस'; पीएम ने असम दौरे पर पंडित नेहरू का जिक्र कर नीतियों पर बोला हमला

एजेंसी समाचार

**गुवाहाटी / नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम दौरे पर हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। गुवाहाटी में आयोजित इस समारोह में पीएम मोदी ने 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,645 करोड़ रुपये से अधिक राशि का हस्तांतरण भी किया। पीएम मोदी ने हजारों करोड़ की जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया है इसमें पूर्वोत्तर में बुनियादी ढांचे विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। जानिए उनके संबोधन की प्रमुख बातें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करने के अलावा आज पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त भी ट्रांसफर की। पीएम मोदी ने टर्मिनल, जेटी से लेकर सड़कों से जुड़ी हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। पीएम मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत करोड़ों किसानों के बैंक खातों में सवा चार लाख करोड़ रुपये की राशि जमा हो जाने का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि योजना की शुरूआत होने के बाद

> भाजपा-एनडीए सरकार किसानों को लेकर काम कर रही है... दूसरी तरफ आज कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वो किसी भी स्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं है। युद्ध से बने संकटों के बीच भी कांग्रेस अफवाहें फैलाने और दुष्प्रचार करने में जुटी है।
>
> नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



कांग्रेस वाले कहते थे कि आज भले ही पैसे दिए जा रहे हैं, लेकिन चुनाव के बाद पैसे सरकार को वापस करने पड़ेंगे। ये झूठ बोलने में एक्सपर्ट हैं। किसानों को भ्रमित करने का प्रयास किया गया, लेकिन आज ये साबित हो चुका है कि ये योजना देश के करोड़ों किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का पर्याय बन चुका है।

**कांग्रेस के कार्यकाल में वैश्विक संकट का सीधा असर किसानों पर होता था**

पीएम मोदी ने असम में कांग्रेस के कार्यकाल में हुए घोटालों को लेकर भी जमकर जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार किसानों के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में भाजपा-एनडीए की सरकार ने आत्मनिर्भरता को लेकर भी अहम फैसले लिए हैं। दुनिया के दूसरे हिस्सों में होने वाली लड़ाई का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, पहले किसानों पर सीधा असर पड़ता था। कभी खाद महंगी होती थी, कभी डीजल और ऊर्जा पर खर्च बढ़ जाता था।ऐसा इसलिए क्योंकि दशकों तक कांग्रेस पार्टी ने भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रखा था। आज सरकार कोशिश इस बात की कर रही है कि डीजल पर खर्च को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने सौर ऊर्जा का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार अन्नदाता को ऊर्जा-दाता बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है।

**पंडित नेहरू का जिक्र कर तीखा कटाक्ष**

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की नीतियों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि कई खाद के कारखानों पर ताले लग गए थे, जिसे एनडीए के कार्यकाल में दोबारा शुरू कराया गया। पीएम मोदी ने कहा, एक तरफ भाजपा-एनडीए सरकार किसानों को लेकर काम कर रही है, देश को आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हैं। तो दूसरी तरफ आज कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वो किसी भी स्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध से बने संकटों के बीच भी कांग्रेस अफवाहें फैलाने और दुष्प्रचार करने में जुटी है। उन्होंने विपक्षी दल को नसीहत भी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त के दिन लाल किले से पंडित नेहरू जी ने जो भाषण दिए हैं, उसे एक बार फिर सुनना चाहिए। उन्होंने भारत में महंगाई बढ़ने के पीछे को लेकर उत्तर और दक्षिण कोरिया की लड़ाई को कारण बताने को लेकर भी कटाक्ष किया।

**कोकराझार में भी कांग्रेस पर हमला बोला**

इससे पहले पीएम मोदी एक अन्य कार्यक्रम में असम के ही कोकराझार की जनता से मुखातिब हुए। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस झूठे वायदों की दुकान है और एक झूठे वादे के साथ चार सुपर झूठ गिफ्ट में देती है।क्योंकि उन वादों को पूरा करने का कांग्रेस का इरादा ही नहीं होता। वहीं आपके सामने भाजपा-ठऊअ का मॉडल है। हमारी डबल इंजन सरकार ने जो भी कहा, उसको सच करने की ईमानदार कोशिश की है।'

# 'रावण' नहीं, चंद्रशेखर 'विदुर' नाम रखिए...

## लोकसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने नगीना सांसद को दी सलाह

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में शुक्रवार को कुछ हल्के-फुल्के अंदाज में उत्तर प्रदेश के नगीना निर्वाचन क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सांसद को अपना नाम चंद्रशेखर 'रावण' की जगह चंद्रशेखर 'विदुर' रखने की सलाह दी। मंत्री ने कहा कि 'महाभारत' में एक बहुत सम्मानित व्यक्तित्व हैं, जिनका नाम विदुर है और जिनकी विद्वता का सभी लोग सम्मान करते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें हाल में पता चला है कि विदुर ने अपने जीवन का आखिरी समय बिजनौर में बिताया था। सीतारमण ने सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि वह एक हल्की-फुल्की बात बोल रही हैं और उन्हें इसके लिए गलत नहीं समझा जाए।

उन्होंने कहा, "चंद्रशेखर जी ने अपने नाम में 'रावण' का नाम जोड़ा है...जबकि विदुर काफी विद्वान माने जाते हैं और महाभारत के एक बढ़िया पात्र हैं। (इसलिए) विदुर का नाम जोड़िये, रावण का क्यों?" इसके बाद, उन्होंने हाथ जोड़कर नगीना के सांसद की ओर देखते हुए उन्हें चंद्रशेखर 'विदुर' कहकर संबोधित किया, जिसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी इस शब्द को दोहराया।

वित्त मंत्री द्वारा हल्के-फुल्के अंदाज में यह टिप्पणी किये जाने के बाद, अपनी सीट पर बैठे चंद्रशेखर, उनके पास बैठे तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और अन्य विपक्षी सदस्य भी हंसते नजर आए। सीतारमण की इस टिप्पणी पर पूरे



सदन में उस वक्त हल्का-फुल्का माहौल देखने को मिला, जब "एलपीजी संकट" के कारण विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच, वित्त मंत्री विपक्ष पर लगातार निशाना साध रही थीं।

सीतारमण ने उल्लेख किया कि नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने कहा है कि उनके साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। नगीना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में स्थित है। सीतारमण ने चंद्रशेखर के "सौतेला व्यवहार किए जाने" संबंधी आरोप का जवाब देते हुए, केंद्र की विभिन्न योजनाओं के तहत बिजनौर जिले में किये गए कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी।

वित्त मंत्री ने कहा, "जल जीवन मिशन के तहत बिजनौर जिले में पांच लाख ग्रामीण आवासों को नल से जल मिल रहा है। तीन लाख घरों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण किया गया है।" इसके अलावा, उन्होंने अन्य योजनाओं के तहत भी जिले में किये गए कार्यों का उल्लेख किया।

उन्होंने भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत की एक टिप्पणी का भी जिक्र करते हुए कहा, "हम छोटी पार्टी और निर्दलीय सदस्यों को भी सुनते हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में 2019 की तुलना में अब तक, 10 गुना 'नल से जल' कनेक्शन लोगों के घरों में पहुंचे हैं।"

# यूपी में आज से स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था लागू, माइनस बैलेंस पर कट सकती है बिजली

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में शुक्रवार से स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था लागू होने जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी उपभोक्ताओं से अपने बिजली खाते का बैलेंस सकारात्मक रखने की अपील की है। विभाग के अनुसार जिन उपभोक्ताओं का बैलेंस माइनस में होगा, उनकी बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो सकती है।

इधर, उपभोक्ताओं के हितों को लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल कर नियमों में संशोधन की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता दोबारा रिचार्ज कर अपना बैलेंस पॉजिटिव कर देता है, तो बिजली आपूर्ति बहाल करने की समय सीमा दो घंटे से घटाकर 10 मिनट की जानी चाहिए।

परिषद का कहना है कि कई अन्य राज्यों में नियामक आयोग ने यह समय सीमा 15 मिनट निर्धारित कर रखी है, जबकि कुछ राज्यों में यह सीमा 10 मिनट है। ऐसे में



प्रदेश में भी उपभोक्ताओं को त्वरित राहत देने के लिए इसी तरह का प्रावधान लागू किया जाना चाहिए। परिषद के मुताबिक, प्रदेश में अब तक करीब 77 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 70 लाख मीटर प्रीपेड मोड में काम करना शुरू कर चुके हैं।

एक अनुमान के अनुसार करीब 50 लाख उपभोक्ताओं के बिजली खातों का बैलेंस इस समय माइनस में है, जिससे स्मार्ट मीटरिंग लागू होने के बाद उनकी बिजली कटने की आशंका बनी हुई है। उपभोक्ता परिषद ने यह भी आरोप लगाया है कि बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं को पोस्टपेड और प्रीपेड विकल्प चुनने का अधिकार नहीं दे रही हैं। परिषद ने इसे नियमों का उल्लंघन बताते हुए संबंधित बिजली कंपनियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच चौथी बार हुई जयशंकर-अराघची की बातचीत, होर्मुज से मिल रही अच्छी खबर

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद



यह दोनों नेताओं की चौथी बातचीत थी। जयशंकर और अराघची के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई, जब होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच बीती रात फोन पर बातचीत हुई। बीती 28 फरवरी को जब अमेरिका के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, उसके बाद भी जयशंकर ने अराघची से बात की थी। पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच बीती 5 मार्च और फिर 10 मार्च को भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई थी। बीते करीब 15 दिनों में दोनों के बीच गुरुवार रात को चौथी बार बात हुई है। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, 'कल रात ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ एक और बातचीत हुई। इस बातचीत में द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।'

## बंगाल में परिवर्तन यात्रा: भाजपा का दावा

# मिल रहा व्यापक जनसमर्थन; ब्रिगेड मैदान में ऐतिहासिक होगी पीएम की रैली

एजेंसी समाचार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने शुक्रवार को कहा है कि कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता बदलाव चाहती है और भाजपा की ह्यपरिवर्तन यात्राह्ण को जिस तरह का समर्थन मिला है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस के प्रति लोगों का भरोसा तेजी से कम हुआ है।

भट्टाचार्य ने बताया कि भाजपा की ह्यपरिवर्तन यात्राह्ण 1 और 2 मार्च को आयोजित नौ बड़ी जनसभाओं के साथ शुरू हुई थी और लगभग 5000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए राज्य के 237 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी। इस दौरान 10 लाख से अधिक लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों को सत्तारूढ़ दल का मजबूत वोट बैंक माना जाता है, वहां भी लोगों ने



उत्साह के साथ यात्रा का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों की मुख्य मांग है कि आगामी चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हों और मतगणना निष्पक्ष ढंग से कराई जाए। उनके अनुसार तृणमूल कांग्रेस के प्रति जनता की भावना अब जनमत से आगे बढ़कर जनाक्रोश में बदलती दिखाई दे रही है।

भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विभाजनकारी राजनीति कर रही हैं और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्य के कई हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्टी कार्यकर्ता पीछे हटने वाले नहीं हैं।

# देश के 50% ट्रैक 130 किमी प्रति घंटे के लिए है तैयार

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री ने बताया कि, रेलवे में हम कोयले पर निर्भरता से धीरे-धीरे दूर हो रहे हैं, जो अब तक रेलवे का प्रमुख फोकस रहा है। इसके



साथ ही अब कई अन्य क्षेत्रों और वस्तुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। देश के ज्यादातर रेलवे ट्रैक को अब ज्यादा गति के लिए अपग्रेड किया जा रहा है। ट्रेनों की समयपालन व्यवस्था सुधारने के लिए कई तकनीकी और परिचालन कदम उठाए गए हैं। रेल मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल में बताया, लगभग 80 प्रतिशत रेलवे ट्रैक को 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के लिए अपग्रेड किया जा चुका है। जबकि करीब 50 प्रतिशत ट्रैक को 130 किमी प्रति घंटे की गति के लिए उन्नत किया गया है। रेलमंत्री ने कहा, देशभर के रेल नेटवर्क पर करीब 25 हजार ट्रेनें प्रतिदिन चलती है। 24 डिवीजनों में 90 प्रतिशत से अधिक समयपालन हासिल हो चुका है। 43 डिवीजनों में 80 प्रतिशत से ज्यादा पंक्चुअलिटी दर्ज की गई है। इसके अलावा 8 डिवीजनों में समयपालन 95 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया है। रेलवे ने पंक्चुअलिटी सुधारने के लिए कई तरह की पहल की हैं। पहला ट्रेनों की निगरानी और संचालन बेहतर बनाने के लिए कई तकनीकी उपकरण लगाए गए हैं। दूसरा स्तर पर मेंटेनेंस की प्रक्रिया में बड़े स्तर पर सुधार किया गया है। तीसरे स्तर पर पुराने आईसीएफ कोचों को एलएचबी कोचों में बदला जा रहा है।

# पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की २२वीं किस्त : 9.3 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आए २००० रुपये

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी कर दी। इस किस्त के तहत देश भर के 9.3 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 18,640 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि सीधे भेजी गई है। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रत्येक किस्त में 2,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है, जो सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से इस किस्त को जारी किया।

सरकार के अनुसार इस बार करीब 9.32 करोड़ किसान परिवारों को इसका लाभ मिला है। यह राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है, जिससे उन्हें खेती और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सके। पीएम-किसान योजना का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत किसानों को हर साल कुल 6,000 रुपए की सहायता दी जाती है, जो तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। सरकार का




मानना है कि समय पर मिलने वाली यह राशि किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।

किस्त जारी होने के बाद किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सरकार की ओर से संदेश भेजा जाता है। इसके अलावा बैंक की ओर से भी ट्रांजैक्शन से संबंधित मैसेज प्राप्त होता है। किसान अपने मोबाइल पर आए मैसेज के जरिए आसानी से यह जांच सकते हैं कि उनके खाते में 22वीं किस्त की राशि पहुंची है या नहीं। अगर किसी पात्र किसान के खाते में राशि नहीं पहुंचती है, तो वे योजना के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। किसान 155261 या 011-24300606 पर कॉल करके अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। यह हेल्पलाइन सेवा कार्यदिवसों में सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध रहती है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत 24 फरवरी 2019 को की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर से इस योजना का शुभारंभ किया था। तब से लेकर अब तक यह योजना देश के करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इस संबंध में बीते दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि फरवरी 2019 में योजना शुरू होने के बाद से अब तक किसानों के खातों में 4.09 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की जा चुकी है। 22वीं किस्त जारी होने के बाद यह कुल राशि बढ़कर लगभग 4.27 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि इस बार की किस्त में 2.15 करोड़ से अधिक महिला किसानों को भी आर्थिक सहायता मिलेगी। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल छोटे और सीमांत किसानों को सीधे आय सहायता प्रदान कर कृषि क्षेत्र में एक स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाने का काम कर रही है। सरकार का मानना है कि नियमित आर्थिक सहायता से किसानों की वित्तीय स्थिति मजबूत होती है और खेती से जुड़ी जरूरी जरूरतों को समय पर पूरा करना आसान हो जाता है।

# सात साल जेल में रहने के बाद शख्स को मिली जमानत, NDPS मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

एजेंसी समाचार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है। अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने मनोज कुमार गुप्ता की अपील स्वीकार करते हुए पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पहले उनकी सजा को निलंबित करने और जमानत देने से इनकार किया गया था। मनोज कुमार गुप्ता ने मई 2025 में पटना हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह मामला साल 2000 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की कई गंभीर धाराओं, 20(b)(ii)(C), 23(c), 24, 27A और 29, के तहत आरोप लगाए गए थे। ये धाराएं आमतौर पर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों से संबंधित होती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि भले ही आरोपी को व्यावसायिक मात्रा में नशीले पदार्थों से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया हो, लेकिन उसने पहले ही सात साल से ज्यादा समय जेल में बिताया है। साथ ही, पटना हाईकोर्ट में उसकी अपील की सुनवाई फिलहाल जल्दी होने की संभावना नहीं दिख रही है, इसलिए इस स्थिति में उसे जमानत देना उचित है। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपी को जमानत मिलने से पहले स्पेशल कोर्ट द्वारा लगाया गया जुमार्ना जमा करना होगा। इसके अलावा, ट्रायल कोर्ट जो भी शर्तें तय करेगा, उनका पालन करना होगा। इन शर्तों के पूरा होने

# सर्वर डाउन से अटकी रही बुकिंग, गैस सिलेंडर को लेकर दिनभर दौड़ते रहे लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की किल्लत की चर्चाओं के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति साफ कर दी है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बरेली में कहीं भी गैस या पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है। जनपद में 91 इंडेन, एचपी और भारत गैस एजेंसियां तथा 193 पेट्रोल पंप पूरी तरह से पर्याप्त स्टॉक के साथ संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल का सर्वर डाउन होने के कारण कुछ उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग में दिक्कत आ रही है, लेकिन शुक्रवार शाम तक सर्वर ठीक होने की उम्मीद है। आपूर्ति विभाग के मुताबिक गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। इंडियन ऑयल के तकनीकी सर्वर में आई समस्या की वजह से बुकिंग सिस्टम प्रभावित हुआ है। इस संबंध में इंडियन ऑयल के अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान पर चर्चा की गई है। अधिकारियों का कहना है कि सर्वर बहाल होते ही गैस बुकिंग और वितरण की व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हो जाएगी।

डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर एलपीजी गैस की कालाबाजारी और ओवररेटिंग रोकने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी ने शहर की कई गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजेंद्र नगर स्थित योगेश एंटरप्राइजेज, आईवीआरआई रोड की वीना इंडियन गैस सर्विस, हार्टमैन कॉलेज रोड की गोयल एंटरप्राइजेज और स्वाले नगर की बरेली गैस सर्विस के गोदामों का स्टॉक ऑनलाइन रिकॉर्ड से मिलान कर जांचा गया। जांच में सभी एजेंसियों का स्टॉक सही पाया गया और मौके पर किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली।

निरीक्षण के दौरान एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि उपभोक्ताओं में गैस की कमी या भ्रम की स्थिति पैदा न होने दी जाए। गैस रिफिल की बुकिंग मिलने पर जल्द से जल्द उपभोक्ताओं के घर तक सिलेंडर पहुंचाया जाए। यदि किसी एजेंसी के खिलाफ ओवर रेटिंग या अनियमितता की शिकायत मिली तो उसके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में तेल कंपनियों और आपूर्ति विभाग की बैठक में भी स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही कालाबाजारी रोकने के लिए ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली लागू की गई है और एजेंसियों के दैनिक स्टॉक की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय की हेल्पलाइन संख्या 9456667774 जारी की गई है। गैस से जुड़ी किसी भी समस्या या शिकायत को इस नंबर पर दर्ज कराया जा सकता है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस एजेंसियों या गोदामों पर भीड़ न लगाएं। गैस सिलेंडर की बुकिंग फोन कॉल, मिस्ड कॉल, व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से घर बैठे कराई जा सकती है। प्रशासन ने साफ कहा है कि जिले में गैस और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, इसलिए आम लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की कालाबाजारी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## चार गैस एजेंसियों पर छापा



**बरेली।** एलपीजी गैस की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद शुक्रवार को जिला पूर्ति विभाग की टीम ने शहर की कई गैस एजेंसियों और उनके गोदामों पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान गैस सिलेंडरों के स्टॉक और वितरण व्यवस्था का बारीकी से मिलान किया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से एजेंसी संचालकों में हलचल देखी गई। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि टीम ने शहर में संचालित कुणाल इंडियन गैस (कैंट), गणेश गैस इंडियन गैस सर्विस (कचहरी), चंद्र गैस सर्विस (हार्टमैन कॉलेज रोड) और सुरक्षा एसपी गैस सेटेलाइट एजेंसी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एजेंसी कार्यालय के साथ-साथ गोदामों का भी निरीक्षण किया और वहां मौजूद गैस सिलेंडरों की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान गोदामों में मौजूद गैस सिलेंडरों के स्टॉक का एजेंसी के ऑनलाइन रिकॉर्ड से मिलान कराया गया। जांच में स्टॉक पूरी तरह सही पाया गया और मौके पर किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एजेंसी मालिकों और प्रबंधकों को साफ चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे लेने या गैस वितरण में लापरवाही की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सिलेंडर की बुकिंग मिलते ही उपभोक्ताओं के घर तक जल्द से जल्द रिफिल पहुंचाई जाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों की समय-समय पर जांच की जाएगी। इसके लिए संबंधित उपजिलाधिकारी और क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी तरह की कालाबाजारी या ओवर रेटिंग पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक शिखा तिवारी और आपूर्ति लिपिक आशीष कुमार मौजूद रहे।

# पीलीभीत बाईपास गोलीकांड: राजीव राणा समेत 169 पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पीलीभीत रोड के चर्चित गोलीकांड में करीब डेढ़ साल बाद बड़ा मोड़ आ गया है। इस मामले में एक बार फिर राजीव राणा समेत 169 लोगों के खिलाफ नई प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें 19 आरोपियों को नामजद किया गया है, जबकि करीब 150 लोगों को अज्ञात में शामिल किया गया है। राजस्थान के व्यापारी शुभ अजमेरा की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद इज्जतनगर थाने में यह मुकदमा दर्ज हुआ है। व्यापारी का आरोप है कि जिस मार्बल शोरूम में फायरिंग, पथराव और तोड़फोड़ हुई, वह उनका था और इस घटना में उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ।

मूल रूप से राजस्थान के अजमेर जिले के किशनगढ़ निवासी शुभ अजमेरा ने कोर्ट को बताया कि इज्जतनगर क्षेत्र के तुलाशेरपुर स्थित विष्णुधाम कॉलोनी के सामने वह शंकर महादेव मकराना मार्बल के नाम से पत्थर और मार्बल का शोरूम चलाते थे। उनका कहना है कि दुकान जिस जमीन पर थी, वह आदित्य उपाध्याय की थी और किराए के बदले मुनाफे का 50 प्रतिशत उन्हें दिया जाता था। शुभ के अनुसार 22 जून 2024 की सुबह करीब छह बजे राजीव राणा के भाई संजय राणा, हरीओम राणा, गौरीशंकर, राधे राणा और उनके बेटे आशीष व राजन समेत कई लोग अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों के साथ रोहित ठाकुर, अमित ठाकुर, ललित सक्सेना, शिवम माथुर, केपी यादव, समर यादव, सुनील यादव, मुकेश यादव, फुरकान गोरखा, बाबा गैंग, गोला घोसी, अवधेश पटेल, श्यामसिंह यादव समेत करीब 150 अज्ञात लोग भी शामिल थे। सभी लोग डिजायर, क्रेटा जैसी गाड़ियों और जेसीबी मशीन के साथ पहुंचे थे। शुभ का आरोप है कि आरोपियों ने धमकी दी कि आधे घंटे में जमीन को श्मशान बना दो, इसके बाद अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। साथ ही पथराव किया और गाड़ियों से टक्कर मारकर जान से मारने की कोशिश की। फायरिंग शुरू होते ही वह अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकले।

### भूमाफिया बताकर लगाए गंभीर आरोप

शुभ अजमेरा का कहना है कि मुख्य आरोपी राजीव राणा को पहले भी भूमाफिया घोषित किया जा चुका है और वह अपने भाइयों के साथ जेसीबी के जरिए अवैध कब्जे कराने का काम करता है। उनका कहना है कि शोरूम टूटने से वह पूरी तरह कर्ज में डूब गए हैं, क्योंकि कारोबार के लिए उन्होंने मकान गिरवी रखकर लोन लिया था।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई नई एफआईआर

मामले में लंबे समय तक कार्रवाई न होने पर शुभ अजमेरा ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर इज्जतनगर थाने में राजीव राणा समेत 169 लोगों के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अब पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

### 1.65 करोड़ की टाइल्स और पत्थर तोड़ डाले

व्यापारी का आरोप है कि फायरिंग के बीच ही आरोपियों ने जेसीबी मशीन और हथौड़ों से शोरूम में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान शोरूम में रखी करीब 1.65 करोड़ रुपये की टाइल्स और पत्थर बर्बाद कर दिए गए। इसके अलावा गल्ले में रखे करीब 2.5 लाख रुपये नकद, सीसीटीवी डीवीआर, टीवी और लैपटॉप समेत कई कीमती सामान भी उठा ले जाने का आरोप लगाया गया है।

## एएनटीएफ की छापेमारी में अफीम की फसल बरामद, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। जिले के सिरौली क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती का बड़ा मामला सामने आया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त टीम ने गुरवा गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से उगाई जा रही अफीम की फसल और उससे बनने वाले उपोत्पाद बरामद किए हैं। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।



पुलिस के अनुसार एएनटीएफ थाना सहारनपुर और एएनटीएफ यूनिट बरेली की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि सिरौली थाना क्षेत्र के गुरवा गांव में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम ने तत्काल छापेमारी की योजना बनाई। छापेमारी के दौरान टीम ने राजेश्वर नामक व्यक्ति के खेत में अफीम की खड़ी फसल देखी। मौके पर अफीम से जुड़े अवैध उपोत्पाद भी बरामद किए गए। पुलिस ने पूरी फसल को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

इस मामले में सिरौली थाने में राजेश्वर और छत्रपाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी सिटी ने किया फ्लैग मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा की नमाज को लेकर शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के ऐसे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती कर दी गई है। प्रशासन की प्राथमिकता नमाज को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने स्पष्ट कहा है कि अलविदा की नमाज सड़कों पर नहीं होने दी जाएगी। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी और व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और उपद्रवियों को सख्त संदेश देने के लिए एसपी सिटी मानुष पारीक के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम, कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेंद्र चंद्र गौतम समेत कई थानों की पुलिस, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल रही।

फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, जहां पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और लोगों से शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पुलिस का कहना है कि किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

अलविदा की नमाज को देखते हुए शहर की प्रमुख मस्जिदों के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किला स्थित जामा मस्जिद, अनाथालय रोड की नौमहला मस्जिद, खलील चौराहा स्थित आला हजरत मस्जिद और दरगाह आला हजरत समेत सभी प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। नमाज के समय भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया जाएगा, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे।

# पुलिस भर्ती, ईद और रामनवमी को लेकर एडीजी ने किया हाई अलर्ट




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आगामी ईद, रामनवमी और नवरात्रि को देखते हुए बरेली जोन में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कानून-व्यवस्था को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोन के सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भर्ती परीक्षा और लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### संवेदनशील इलाकों पर खास नजर, बढ़ेगी पुलिस गश्त

एडीजी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों और जुलूस मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ ही लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हों।

### दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर भी सख्ती

बैठक में 14 और 15 मार्च को होने वाली उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस/समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर भी रणनीति तय की गई। एडीजी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाए। परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने को कहा गया।

### शिकायतों, अपराध और सड़क सुरक्षा पर जोर

समीक्षा बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, सीसीटीएनएस में दर्ज मामलों की विवेचना 60 से 90 दिन के भीतर पूरी करने और ई-साक्ष्य व ई-सम्मन व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा अपराधियों के सत्यापन, संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई तेज करने और ऑपरेशन दहन के तहत मादक पदार्थों के निस्तारण की समीक्षा की गई। साथ ही जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भी सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

# अमन-ओ-सुकून के साथ अदा हुई जुमा-तुल-विदा की नमाज़

मु ल्क की सलामती को उठे हजारों हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रमज़ान के पाक महीने के आखिरी शुक्रवार को शहर में जुमा-तुल-विदा की नमाज पूरे अकीदत और अमन-ओ-सुकून के माहौल में अदा की गई। सुबह से ही मुस्लिम इलाकों में नमाज को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की और शहर की प्रमुख मस्जिदों, दरगाहों व खानकाहों में बड़ी संख्या में नमाजी जुटे।

शहर की मुख्य नमाज किला स्थित जामा मस्जिद में अदा की गई, जहां हजारों नमाजियों ने एक साथ सजदा किया। दोपहर 1:30 बजे शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने पहले खुत्बा पढ़ा और इसके बाद नमाज अदा कराई। अपने खिताब में उन्होंने रमज़ान की फजीलत, कुरान की अजमत और जकात व सदका-ए-फितर की अहमियत पर रोशनी डाली। नमाज के बाद मुल्क और मिल्लत की खुशहाली के लिए खास दुआ की गई।

दरगाह आला हज़रत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शहर में सबसे आखिर में नमाज दरगाह आला हज़रत पर अदा की गई। यहां दोपहर 3:30 बजे मुफ्ती ज़ईम रज़ा ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत आला हज़रत परिवार के लोग और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

नमाज के बाद सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि रमज़ान के आखिरी जुमे को जुमा-तुल-विदा कहा जाता है और इस दिन कोई अलग नमाज नहीं होती, बल्कि अन्य जुमों की तरह दो रकात फर्ज नमाज अदा की जाती है। उन्होंने बताया कि जो शख्स रोजा न रख सके, उस पर भी सदका-ए-फितर वाजिब होता है। इसलिए जकात और फितरा जल्द अदा कर देना चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें।

दरगाह ताजुश्शरिया पर दोपहर दो बजे नमाज अदा की गई। इसके अलावा खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह वली मियां, दरगाह बशीर मियां, खानकाह-ए-वामिकिया, नौमहला मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, साबरी मस्जिद, हबीबिया मस्जिद, छः मीनारा मस्जिद, बीबी जी मस्जिद, मोती मस्जिद और कचहरी वाली मस्जिद समेत शहर की सभी मस्जिदों में तय समय पर नमाज अदा की गई।

# इन्फिनिटी लाइफस्टाइल प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में आयोजित इन्फिनिटी लाइफस्टाइल प्रदर्शनी सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। एक दिवसीय इस विशेष आयोजन का उद्घाटन मेयर डॉ. उमेश गौतम ने किया।



प्रदर्शनी में फैशन, ज्वेलरी, सौंदर्य और लाइफस्टाइल से जुड़े करीब 30 से 35 स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर विभिन्न ब्रांड और डिजाइनरों ने अपने नवीनतम कलेक्शन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और आधुनिक फैशन व लाइफस्टाइल से जुड़े उत्पादों की खरीदारी की।

प्रदर्शनी में पहुंचे आगंतुकों ने खास तौर पर नए समर कलेक्शन में रुचि दिखाई। स्टॉलों पर दिनभर लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही और कई लोगों ने फैशन व लाइफस्टाइल उत्पादों की खरीदारी भी की। आयोजकों के अनुसार प्रदर्शनी में आए लोगों ने न केवल खरीदारी की, बल्कि आयोजन की व्यवस्था और विविधता की भी सराहना की। प्रदर्शनी में शामिल रिचा कलेक्शन, चंद्रा ज्वेलर्स की ज्वेलर शाला और ग्लैम लुक बाय रिंकज़ (हेयर, नेल और मेकअप) जैसे ब्रांड्स ने अपने आकर्षक कलेक्शन से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इन स्टॉलों पर पूरे समय ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली।

कार्यक्रम की आयोजक ज्योति और रिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बरेली के लोगों को एक ही मंच पर फैशन और लाइफस्टाइल के नवीनतम ट्रेंड उपलब्ध कराना था। उन्होंने कहा कि शहरवासियों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से आयोजक बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने सभी स्टॉल धारकों और आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को नए ट्रेंड्स और बेहतर खरीदारी अनुभव देने का प्रयास जारी रहेगा।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA TM©

हजारों संतुष्ट ग्राहक

ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- MSME ₹ 499
- NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999
- Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999
- E- Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999
- Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

ISO Registration ₹4999

Contact:
7500223290
7500277920

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### राम रहीम पुल के बदले गए 22 बेयरिंग

**रामपुर।** जर्जर राम रहीम पुल के 22 बेयरिंग को अभी तक बदले जा चुके हैं। जबकि पूरे पुल पर 84 बेयरिंग है। सभी बेयरिंग को बदलने में लगभग 15 दिन का ओर समय लगेगा। 25 मार्च को पुल को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। शुक्रवार को भी पुल पर कार्य दिनभर जारी रहा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार होली का पर्व को ध्यान में रखते हुए जर्जर पुल के बेयरिंग को बदलने का कार्य रोक दिया गया था। राम रहीम पुल को सही कराने के लिए लोक निर्माण विभाग को 2 करोड़ का बजट मिला है। पुल के 14 पिलरों के 84 बेयरिंग है। सहायक अभियंता राजेंद्र सिंह ने बताया कि 25 मार्च को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। फिर पनवड़िया रेलवे क्रासिंग और आगापुर के सीआरपीएफ के पास अंडरपास के माध्यम से आवागमन होगा।

# टक्कर लगते ही आग का गोला बने डंपर, तीन लोग झुलसे

## शाहबाद- आसफपुर मार्ग पर ढकिया गांव में हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के ढकिया गांव में दो डंपरों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही डंपरों में आग भड़क गई। देखते ही देखते दोनों डंपरों से आग की लपटें उठने लगी। हादसा देख राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों के द्वारा फायर बिग्रेड और अधिकारियों को जानकारी दी गई।

सूचना मिलते ही एसडीएम आशुतोष कुमार और कोतवाल प्रदीप कुमार मौके पर पहुंच गए। फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। हादसे में तीन लोग झुलस गए। जनपद के बादली टांडा निवासी तालिब और साजिद बदायूं से बजरफुट उतारकर रामपुर लौट रहे थे। दूसरी तरफ से कासगंज के बहरिया गांव निवासी राघवेंद्र डंपर लेकर रामपुर से शाहबाद होकर बदायूं जा रहे थे। रास्ते शाहबाद-





डंपरों की टक्कर लगने से वाहनों से उठती लपटें तथा आग को बुझाने का निर्देश देते एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन।

आसफपुर मार्ग पर ढकिया गांव के पास दोनों डंपरों की जोरदार टक्कर हुई। टक्कर लगते ही दोनों डंपरों से आग भड़क उठी। डंपरों में सवार तीनों लोग झुलस गए।

तीनों लोगों ने डंपरों से कूदकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया। डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। तालिब और साजिद की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# जेसीबी चालक का शव पंखे में लटका मिला

## मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक जेसीबी चालक का शव उसके ऑफिस में पंखे से लटका मिला। पंखे से शव लटकने की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। शव की शिनाख्त थाना शहजानगर क्षेत्र के गांव चमरौआ निवासी ब्रिजेंद्र सिंह 26 के रूप में हुई।

मृतक के भाई के बेटे ने बताया कि आत्महत्या से पहले ब्रिजेंद्र ने सुबह करीब तीन बजे व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बनाया था। जिसमें लगभग दस लोग शामिल थे। इस ग्रुप में उसने आत्महत्या करने की बात लिखी थी। ब्रिजेंद्र की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। उसकी छह महीने की एक बेटी है। वह अपने भाई मोहन के साथ रहता था।

उधर मृतक की पत्नी दुर्गेश ने भी हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके पति के दो जेसीबी पार्टनर जयसुख और रामौतार ने मिलकर उनकी हत्या की है। दुर्गेश घटना की जानकारी मिलने पर अपने मायके से घटनास्थल पहुंची थीं। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है।

पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मृतक ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष से चल रहे पारिवारिक विवाद का जिक्र किया है। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजती पुलिस। -जागरण मोर्चा

# टांडा गैस एजेंसी की अव्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** नगर में मुरादाबाद मार्ग स्थित एक गैस एजेंसी की अव्यवस्थित व्यवस्था के कारण शुक्रवार को गैस उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी पर सही तरीके से गैस वितरण नहीं हो रहा है, जिससे लोगों में नाराज़गी देखी गई। उपभोक्ताओं का कहना था कि बार-बार आने के बावजूद उनकी बुकिंग नहीं हो पा रही है और गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही। स्थिति की जानकारी मिलने पर वार्ड नम्बर 11 के सभासद मोहम्मद रईस उर्फ भूरा मौके पर पहुंचे। लोगों से बातचीत की। इस दौरान उपभोक्ताओं ने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए शिकायतें भी दर्ज कराईं। वहीं एजेंसी संचालकों ने ऑनलाइन सिस्टम में तकनीकी समस्या का हवाला देते हुए वितरण प्रभावित होने की बात कही, लेकिन उपभोक्ताओं का कहना था कि एजेंसी की लापरवाही और अव्यवस्था के कारण ही उन्हें बार-बार परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मौके पर सभासद मोहम्मद रईस उर्फ भूरा ने गैस सिलेंडरों की कथित काला बाजारी पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की। संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की अपील की, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।



लोगों से जानकारी लेते सभासद। -जागरण मोर्चा

# सुनहरा मौका: 14 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर सिविल जज प्रवर वर्ग संदीप सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम से संबंधित वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद चोरी से संबंधित विवादों सहित, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन संबंधी विवाद तथा सेवानिवृत्ति लाभों से जुड़े प्रकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य सिविल वाद जैसे किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद तथा राजस्व वाद जिला न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण भी लोक अदालत में निस्तारित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के लिए न्यायालयों में लंबित वादों को चिन्हित कर श्रेणीवार अलग-अलग सूचियां तैयार की जा रही हैं तथा संबंधित पक्षकारों को नोटिस भी तामील कराए जा रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर नोटिस की तामीला एक से अधिक बार भी कराई जाएगी।

सचिव ने यह भी बताया कि ऐसे विवाद जो अभी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए हैं, उन्हें भी वाद-पूर्व सुनवाई प्री-लिटिगेशन स्तर पर लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से निपटाया जा सकता है, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होती है।

# जिला स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिताओं का 16 मार्च से होगा आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** खेलों के उत्थान एवं विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला खेल कार्यालय द्वारा जनपद स्तरीय जूनियर बालक-बालिका खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

उप क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ी,टीमों को खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीमों की सूची प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व जिला खेल कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9935439997 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की आयु 1 जनवरी 2007 के बाद जन्मी होनी चाहिए। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित जन्मतिथि प्रमाण-पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति तथा टीम खेलों के लिए स्कूल/कॉलेज/क्लब द्वारा प्रमाणित टीम सूची लाना अनिवार्य होगा।उप क्रीड़ा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जूनियर बालक,बालिका जूडो, कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन 16 मार्च 2026 को प्रातः 09 बजे से शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में किया जाएगा। जूनियर बालक,बालिका बैडमिंटन, भारोत्तोलन एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 17 मार्च को प्रातः 9 बजे से शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में आयोजित होंगी।बताया कि जूनियर बालक,बालिका हैंडबॉल एवं जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिताएं 18 मार्च को प्रातः 9 बजे से शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में आयोजित की जाएंगी।इसके अतिरिक्त जूनियर बालक,बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता 19 मार्च को प्रातः 9 बजे से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामपुर तथा जूनियर बालक,बालिका हॉकी प्रतियोगिता 19 मार्च को प्रातः 9 बजे से नवाब जुल्फिकार अली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पनवड़िया रामपुर में आयोजित की जाएगी। जनपद के सभी प्राचार्य,प्रधानाचार्य,प्रबंधक एवं मंगल दल से अनुरोध किया गया है कि प्रतियोगिताओं में इच्छुक खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित कराएं।

# एनएसएस शिविर के अंतिम दिन ग्रामीणों को एआई के बारे में दी जानकारी



छात्राओं को जागरूक करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** शुक्रवार को सरस्वती कन्या महाविद्यालय सरकथल में एनएसएस कैंप के समापन दिवस पर छात्राओं ने गांव महमूदपुर में ग्रामीणों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि एआई कंप्यूटर साइंस की एक शाखा है। जो ऐसी मशीन या सॉफ्टवेयर है जो इंसानों की तरह सोचने सीखने समस्या सुलझाने और निर्णय लेने में सक्षम है।

छात्राओं के द्वारा बताया गया कि यह किस तरीके से हमारे वर्तमान जीवन में नई-नई तकनीक के माध्यम से लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहायक हो रही है।उन्होंने बताया कि एआई शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रभावकारी साबित हो रही है और छात्राओं द्वारा ग्रामीण लोगों को बताया गया कि एआई व्यवसाय मे बड़े पैमाने पर बेहतर निर्णय लेने में मदद करती है।इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक राजकुमार चौहान, महेंद्र चौहान, केविंदर चौहान, सुगंध सागर, रूबी सागर और विजयपाल आदि मौजूद रहे।

मदद | रेड क्रॉस सोसाइटी से थमाए 25-25 हजार के चेक

# गरीबों की मदद प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन महज शिकायतों को सुनने का मंच नहीं, जरूरतमंदों के लिए संजीवनी साबित हुआ। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की पीड़ा को न सिर्फ पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना, बल्कि तत्काल प्रभाव से दो दुर्घटना पीड़ितों के परिजनों को रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी मुहैया कराई।

10 मार्च को आयोजित जनता दर्शन में तहसील मिलक के ग्राम रहसैना निवासी रेखा अपनी गुहार लेकर पहुंची थीं। उन्होंने डीएम को बताया कि उनके पति सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। निजी अस्पताल में चल रहे महंगे इलाज के कारण उनके परिवार की आर्थिक कमर टूट चुकी है और अब इलाज जारी रखना असंभव हो रहा है। इसी दिन तहसील बिलासपुर के ग्राम मुन्डिया मनकरा निवासी विपिन भी जनता दर्शन में पहुंचे थे। विपिन ने अपने भाई अशोक के सड़क दुर्घटना में घायल होने और इलाज के लिए पैसों की कमी की बेबसी जिलाधिकारी के सामने रखी थी। दोनों मामलों की गंभीरता और परिजनों की पीड़ा को देखते हुए डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने बिना किसी देरी के रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से दोनों परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही जिलाधिकारी ने स्वयं तहसील मिलक की रेखा को उनके पति के इलाज के लिए 25,000 रुपये और बिलासपुर के विपिन को उनके भाई के इलाज के लिए 25,000 रुपये का चेक प्रदान किया। संकट की इस घड़ी में रेड क्रॉस से मिली इस त्वरित मदद से दोनों परिवारों को बड़ी राहत मिली है।



पीड़ित को चेक देते डीएम। -जागरण मोर्चा



महिला को चेक देते डीएम। -जागरण मोर्चा

### पारदर्शी हो निस्तारण, न काटने पड़ें चक्कर

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य प्रयास जनता दर्शन में आने वाले हर जरूरतमंद की समस्या का त्वरित और ठोस समाधान करना है। गरीब, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। डीएम ने मातहत अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। आमजन को बेवजह सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, यह सुनिश्चित करना हर अधिकारी की जिम्मेदारी है।

# अभियान चलाकर आमजन को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया



बैठक को संबोधित करते कीर्ति निधि आनंद। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, विशेष किशोर पुलिस ईकाई (एसजेपीयू) जनपद की सम्वन्य कार्यशाला आयोजित की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी टांडा द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में थाना एएचटी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उप्र लखनऊ द्वारा जारी एसओपी,अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव पीड़ितों के आश्वासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन तथा बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्यों का पालन आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया।

## एक नजर

### महिला शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित हुआ

**रामपुर :** शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी के निर्देशन में कंपोजिट स्कूल कमरलका नगर में पांच दिवसीय समेकित शिक्षा के तहत सामान्य शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें विशेष शिक्षक स्पेशल एजुकेटर आशीष पांडे, राम किशोर, प्रमोद पांडे के साथ सहभागी, रूबी सलमा, वैलेंटिना विक्टर, अदिति विश्नोई, अमीर अहमद, ममता सिंह, राजीव दिवाकर, राजू दिवाकर, परविंदर सिंह, सुरभि चौरसिया, ममता मदन आदि लोगों ने सक्रिय रूप से कार्यशाला के रूप में प्रतिभाग किया। साथ ही साथ गूगल फॉर्म के माध्यम से फीडबैक लेना, कलेक्शन आफ डाटा और रिसर्च टूल के रूप में गूगल फॉर्म निर्मित करना बनाना सिखा, यह कार्य भी समस्त प्रतियोगियों और एजुकेटर के द्वारा लर्निंग के अंतर्गत एक दूसरे को, एक दूसरे से सीखने सिखाने की प्रक्रिया के आधार पर किया गया। यह जानकारी नगर के बीईओ स्वदीप कनौजिया ने दी।

# जिले के 2.35 लाख किसानों के खातों में 47.15 करोड़ रुपये हस्तांतरित

## पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किश्त का विकास भवन सभागार में हुआ सजीव प्रसारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22 वीं किश्त जारी किए जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गुवाहाटी (असम) से किया। कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा सहित अन्य अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने सजीव प्रसारण को देखा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा रिमोट बटन दबाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 22 वीं किश्त की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया।22वीं किश्त के माध्यम से 2.35 लाख किसानों से लगभग 47.15 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में 02-02 हजार रुपये की दर से भेजी गई। उप निदेशक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र कृषकों को प्रति वर्ष 2-2 हजार रुपये की तीन किश्तों के रूप में कुल 6000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को पीएम कुसुम योजना, बीज अनुदान, कृषि यंत्र अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित अन्य कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जनपद से आए किसानों ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक देखा तथा सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से पात्र किसानों के खातों में प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता सीधे हस्तांतरित की जाती है, जिससे किसानों को खेती-बाड़ी में सहयोग मिलता है।


संबोधन को सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा


## स्कूल समय के बाद बीएलओ और सुपरवाइजर करेंगे एसआईआर का कार्य : बीएसए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने पत्र जारी करते हुए बताया कि जनपद में उच्चाधिकारियों से वार्ता के माध्यम से यह तथ्य संज्ञान में आया है कि वर्तमान में संचालित विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

जिन बीएलओ, सुपरवाइजर, एईआरओ का कार्य शेष है, उन बीएलओ, सुपरवाईजर, एईआरओ द्वारा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य विद्यालय समय के बाद पूर्ण किया जा सकता है। परन्तु बीएलओ, सुपरवाईजर व अन्य कार्यों में लगे अधिकांश कर्मचारी विद्यालयों, कार्यालय से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के तहत आने वाले विद्यालयों में 16 मार्च 2026 से वार्षिक परीक्षा संचालित हैं। विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं हैं। इसलिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लगे सभी अध्यापकों, कर्मचारियों को आदेशित किया कि वे हर कार्य दिवस में 9 बजे से 3 बजे तक विद्यालय में रहकर अपने विभागीय दायित्व व कर्तव्यों का पालन करेंगे। निर्वाचन से संबंधित शेष कार्यों के लिए उन्हें अपनी विधानसभा में जाना आवश्यक है, तो वे विद्यालय समय के पश्चात विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित कार्य करेंगे। बीएसए कल्पना देवी ने बताया कि 16 मार्च से परीक्षाएं हो रही हैं। इसलिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लगे सभी अध्यापकों, कर्मचारियों को आदेशित किया कि वे हर कार्य दिवस में 9 बजे से 3 बजे तक विद्यालय में रहकर अपने विभागीय दायित्व व कर्तव्यों का पालन करेंगे। अनुपालन न करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।


बीएसए कल्पना देवी। -जागरण मोर्चा

## डायट में हुआ हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत जनपद स्तरीय हमारे आंगन, हमारे बच्चे" कार्यक्रम आयोजित किया। डायट प्राचार्य अशोक कुमार एवं एस आर जी टीम के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए नोडल संकुल शिक्षक प्रसन्न प्रकाश न्याय पंचायत ककरौआ, नोडल शिक्षक विनोद कुमार, न्याय पंचायत जौलपुर आदि को प्री प्राइमरी को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रहे स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम, माता उन्मुखीकरण, निपुण भारत मिशन के निपुण लक्ष्यों को छात्रों के द्वारा प्राप्त करने में सक्रिय सहयोग करने के लिए सम्मानित किया।

डायट प्राचार्य ने कार्यक्रम में बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग और प्री प्राइमरी स्कूल शिक्षा आपस में बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करें। जिससे कि जब बच्चा 6 वर्ष का हो और उसका नामांकन कक्षा 1 में परिषदीय विद्यालय में हो तो उसे निपुण छात्र बनाने में सहयोग मिल सके। एसआर जी प्रदीप भटनागर, तारा चंद एवं डॉक्टर सरफराज अहमद ने बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की। बताया कि 2047 तक सभी को आपस में मिलकर एक मिशन के रूप में कार्य करते हुए भारत को विकसित देश बनाना है। यह भी बताया कि 3 से 8 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों में सबसे ज्यादा सीखने की क्षमता होती है। लगभग मस्तिष्क का 90 प्रतिशत विकास इसी आयु में होता है।

इस अवसर पर डायट प्रवक्ता प्रेम सिंह, जिला समन्वयक प्रशिक्षण अंकित सक्सेना एवं भुजवीर सिंह, शिवानी, अलका, मोइन मियां, सौरभ, शिखा गुप्ता, रश्मि गंगवार, रचना अग्रवाल, मोहित सक्सेना, लोकेश यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।



शिक्षक को सम्मानित करते डायट प्राचार्य अशोक कुमार। -जागरण मोर्चा

## बरसात से पहले कराई जाए नालों की सफाई : ईओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर के सभी वार्डों में बने सभी प्रकार के छोटे-बड़े और मझोले स्तर के नालों की सफाई के लिए ईओ ने पालिका में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बरसात के पहले नालों की सफाई कराई जाए। साथ ही नाले-नालियों के टूटे पत्थर भी डलवाए जाए। साथ ही रोजाना स्थलीय निरीक्षण कर कार्य कराते के फोटोग्राफ मुख्य सफाई निरीक्षक ग्रुप में साझा करें।


अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, मुख्य सफाई खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि वार्ड के सभासद से सम्पर्क कर नालों-नालियों की सफाई के बाद तुरंत ही नाले-नालियों के पत्थर डलवाए। इसके अलावा बाजार क्षेत्र में आने वाले नाले-नालियों की सफाई बाजार बंद हो जाने पर रात में कराई जाए। वार्डों की गलियों की बनी नालियों की सफाई सप्ताह में एक बार जरूर कराए। दूध, डेयरी संचालक एवं पशुपालकों के द्वारा नाली-नालियों में गोबर बहाया जा रहा है। जिससे नालियों नालों में पानी की निकासी के लिए जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कहा कि मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दूध डेयरी संचालकों को चेतावनी देकर सचेत करें। मन्नत बैंकट हॉल से फव्वारा से होकर नगर पालिका तक नाले की सफाई, चौकी पाखड़ के नाले की सफाई एवं डिग्री कालेज स्थित नाले, पंखेवालान के नाले की दीवार के निर्माण के लिए मुख्य खाद्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सहायक अभियंता मौके का निरीक्षण करें।

## भरूच के शाही परिवार ने नवाब काज़िम अली खां को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुजरात की रियासत रहे भरूच के शाही परिवार का नेतृत्व कर रहे नवाब हाजी मिर्जा वजाहत अली खान बहादुर ने रामपुर के अंतिम शासक नवाब रज़ा अली खां के पौत्र नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां को नाइट ग्रैंड कमांडर श्रेणी में रॉयल ऑर्डर ऑफ द लायन सम्मान प्रदान किया है।

शाही खानदान भरूच के शाही रीति-रिवाज और इस ऑर्डर के नियमों के अनुसार नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां को नाइट ग्रैंड कमांडर की श्रेणी में रॉयल ऑर्डर ऑफ द लायन से सम्मानित करते हुए इससे संबंधित सभी अधिकार और विशेषाधिकार भी प्रदान करने की घोषणा की गई है। यह सम्मान प्रतिष्ठित रियासती परिवारों के बीच मित्रता और आपसी सम्मान का प्रतीक है। नवाब काज़िम अली खां ने बताया कि नवाब हाजी मिर्जा वजाहत अली खान बहादुर को भी रामपुर राजपरिवार का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। सम्मानों का यह आदान-प्रदान भारत के ऐतिहासिक रियासती परिवारों के बीच कायम सम्मान, विरासत और सौहार्दपूर्ण संबंधों की दीर्घकालिक परंपराओं को दर्शाता है। यह भरूच और रामपुर के शाही परिवार के बीच संबंधों और सद्भावना को और मजबूत करने का भी प्रतीक है। यह अवसर दोनों शाही घरानों के लिए महत्वपूर्ण है।




## सरकारी अभिलेख फाड़ने की कोशिश करने वाली महिला पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के बिजपुरी शुक्ल गांव पर तैनात लेखपाल राजकुमार शर्मा ने थाने पर तहरीर देकर सरकारी काम में बाधा डालने, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने और अभिलेख फाड़ने की कोशिश करने वाली महिला के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है।

लेखपाल राजकुमार शर्मा के अनुसार तहसील गेट के सामने गाटा संख्या 53 पर तालाब की जमीन पर आंशिक आबादी का भाग है, शिकायत पर कुछ अवैध कब्जा हटवा दिया गया था और कुछ भाग पर संजू यादव ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कर तीन मंजिला मकान बना रखा है। जिसकी बेदखली के लिए तहसीलदार न्यायालय में 25 फरवरी को वाद भी दाखिल कर दिया है। आरोप है कि संजू यादव ने दोबारा से तालाब की जगह में अवैध कब्जा कर दीवार और स्टील की ग्रिल लगा दी। जिसे हटाने के लिए राजस्व टीम महिला पुलिसकर्मियों समेत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, आरोप है कि संजू यादव द्वारा जेसीबी मशीन के आगे खड़े होकर गाली गलौच करते हुए सरकारी काम में बाधा डाली।

आरोप यह भी है कि महिला के द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई और झपट्टा मारकर सरकारी अभिलेख फाड़ने की कोशिश भी की गई। पुलिस ने लेखपाल राजकुमार शर्मा की तहरीर पर संजू यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला जनगणना अधिकारी संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में जनपद के मास्टर ट्रेनर सत्य प्रकाश एवं हिमांशु द्वारा सभी 40 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनरों को मकानों के सूचीकरण (एचएलओ) तथा गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि 7 मई से 21 मई 2026 तक स्वयं गणना ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है तथा 22 मई से 20 जून 2026 तक 30 दिनों की अवधि में जनगणना का कार्य पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित किया जाएगा। मास्टर ट्रेनरों द्वारा अवगत कराया कि प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर आगे तहसील स्तर एवं नगर निकायों में जनगणना प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे जनगणना कार्य को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराया जा सके।इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना-2027 को पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला प्रभारी मो. इलियास एवं जनगणना सेल से मो. यासिन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिला जनगणना अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर। -जागरण मोर्चा

## स्टेडियम के निर्माण के लिए चयनित भूमि का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने तहसील बिलासपुर स्थित ग्राम मुड़िया खुर्द में प्रस्तावित ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री द्वारा ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण कार्य को शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भ कराते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताओं को त्वरित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए कार्य को तत्काल प्रारम्भ कराया जाए, ताकि क्षेत्र के युवाओं को शीघ्र ही खेल सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मुड़िया खुर्द में प्रस्तावित इस ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को एक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित मंच प्राप्त होगा। इससे खेलों के प्रति युवाओं की रुचि को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में खेल अवसंरचना के विकास की दिशा में यह पहल युवाओं के सर्वांगीण विकास तथा स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।


स्टेडियम का निरीक्षण करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और डीएम।

## बिलासपुर में वकीलों का न्यायिक बहिष्कार तेज

### एसडीएम न्यायिक के तबादले की मांग पर फिर गरमाया मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** एसडीएम न्यायिक की कार्यशैली को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश एक बार फिर खुलकर सामने आया है। वकीलों ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार दोबारा शुरू कर दिया है और अधिकारियों पर पत्रावलियों के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रशासन के माध्यम से दोबारा भेजा है और एसडीएम न्यायिक के स्थानांतरण की मांग दोहराई है।

लॉयर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम न्यायिक की कार्यप्रणाली पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से शिकायतों के बावजूद न्यायालय की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है, जिससे वादकारियों और अधिवक्ताओं दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं होता, तब तक न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखा जाएगा। साथ ही एसडीएम न्यायिक के स्थानांतरण की मांग को लेकर आंदोलन को आगे भी जारी रखने की रणनीति पर सहमति बनी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना ने लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के निर्णय का समर्थन किया। इसके बाद सभी अधिवक्ता एकजुट होकर उप जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार से मिले और उन्हें जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव प्रवेश कुमार चौहान ने बताया कि इस संबंध में 26 फरवरी को भी जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा गया था, जिस पर प्रशासन की ओर से आश्वासन मिला था। अधिवक्ताओं ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती और न्यायालय की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आता, तब तक न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आंदोलन की आगे की रणनीति पर सोमवार को फिर से विचार किया जाएगा। बैठक में संतोख सिंह खैहरा, शिव कुमार गुप्ता, हरीश चंद्र गुप्ता, मोबीन अंसारी, आदिल खान, गिरीश चंद्र गुप्ता, नब्बू अली अंसारी, अनिल अग्रवाल, नवीन चंद्र गुप्ता, मयंक सिन्हा, अंजुम खान, युसुफ अली, विमल सक्सेना, फईम खान, मुनीश चंद्र गुप्ता, गौहर अली और विपुल जैन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मस्जिद शेखुल हिंद पाखड़ वाली, टंडोला में अशर-ए-मुबश्शिरा के बयानात का पांच दिवसीय प्रोग्राम जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** रमजान मुबारक की बरकतों के साथ मस्जिद शेख उल हिंद पाखंड वाली टंडोला में अशर-ए-मुबश्शिरा के मुकद्दस हालात पर पांच दिवसीय बयानात का प्रोग्राम जारी है। यह सिलसिला पिछले लगभग 12 वर्षों से मुसलसल जारी है, जिसमें जन्नत की खुशखबरी पाने वाले सहाबा-ए-किराम के पाकीज़ा किरदार और उनकी दीन के लिए दी गई कुर्बानियों को बयान किया जाता है।

इस साल भी बड़ी तादाद में नमाज़ियों और इलाके के लोगों की मौजूदगी में यह प्रोग्राम आयोजित किया गया है। इस मजलिस में मशहूर आलिमे-दीन मुफ्ती सईद ज़फर क़ासमी बयान फरमा रहे हैं। अपने बयानात में वह अशर-ए-मुबश्शिरा के मुकद्दस हालात, उनकी ज़िंदगी के अहम वाकियात, इस्लाम के लिए उनकी खिदमत और उनके बेहतरीन अखलाक पर तफसील से रोशनी डाल रहे हैं। मुफ़्ती सईद ज़फर कासमी ने अपने बयान में कहा कि अशर-ए-मुबश्शिरा वे मुकद्दस सहाबा हैं जिनको एक ही मजलिस में रसूल-ए-अकरम ने जन्नत की खुशखबरी दी थी। इन सहाबा की ज़िंदगी उम्मत के लिए रहनुमाई का ज़रिया है और उनसे हमें ईमान, सब्र, कुर्बानी और दीन की खिदमत का सबक मिलता है।मजलिस में बड़ी संख्या में लोग शिरकत कर रहे हैं और पूरे एहतिराम के साथ उलमा के बयान को सुन रहे हैं।

## बिलासपुर की बाजार वाली मस्जिद में मुकम्मल हुआ कुरआन करीम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर के पुरानी तहसील रोड स्थित बाजार वाली मस्जिद में रमजान के पाक महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन करीम मुकम्मल होने पर एक रूहानी मजलिस का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नमाजी और अकीदतमंद मौजूद रहे।

तरावीह के दौरान हाफिज मौलाना अरशद साहब ने कुरआन करीम मुकम्मल किया, जबकि सामा की जिम्मेदारी हाफिज ताहिर साहब ने निभाई। कार्यक्रम में रामपुर के शहर इमाम मौलाना नासिर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। बयान में शहर इमाम ने रमजान शरीफ की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह महीना इबादत, रहमत और बरकत का महीना है। उन्होंने कहा कि कुरआन की तिलावत सुनना और उसके पैगाम पर अमल करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। उन्होंने कुरआन की उस आयत का जिक्र भी किया जिसमें अल्लाह तआला फरमाता है:बेशक यह कुरआन वह रास्ता दिखाता है जो सबसे सीधा है।(सूरह बनी इस्राईल, आयत 9)मजलिस के आखिर में शहर इमाम ने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, आपसी भाईचारे और लोगों की सेहत व सलामती के लिए खास दुआ कराई। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि आने वाले ईद के त्योहार को सादगी और भाईचारे के साथ मनाया जाए।मस्जिद में बेहतर इंतजाम के लिए शहर इमाम ने मस्जिद कमेटी के संरक्षक शुजात हुसैन खां और प्रबंधक फहीम खां को मोहल्ले वासियों की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती तारिक ने किया। इस मौके पर हाफिज ताहिर साहब, गुलाम मोहम्मद खां, शाहाब अली खां एडवोकेट, शाकिर अली खां, निशात अख्तर खां, पूर्व चेयरमैन मो. हसन खां, जैद खां, जाहिद अली खां, परवेज मामू, रिफाकत खां, अहमद उल्ला खां, अमान खां, मोजज्जम खां, जुबैर मोहसिन खां, नजीब खां, मौलवी तसनीफ खां, गुलाम मुस्तफा खां, यासर खां और सांसद प्रतिनिधि अथर अली खां समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## एक नजर



### चेयरमैन पति ने ईदगाह की व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

**शाहबाद।** ईद उल फितर के मद्देनजर शुक्रवार को नगर पंचायत के चेयरमैन पति वसीम खां ने नगर की ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए। चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम खां ने सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि ईद की नमाज से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के कोषाध्यक्ष सैयद इंतखाब अली, नगर पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अहमद, नगर पंचायत के लिपिक नवेद मियां, सभासद शप्पू खान आदि रहे। उधर ईदगाह में नमाजियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर के पुलिस हल्का इंचार्ज रमेश चंद्र ने भी ईदगाह पहुंचकर ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान चारों तरफ से बाउंड्री चेक की गई। पार्किंग की व्यवस्था भी देखी गई। उनके साथ प्रधान आरक्षी अनिल कुमार, आरक्षी आदित्य कुमार आदि रहे।

# जामा मस्जिद में अदा की जुमे अलविदा की नमाज

## 1:30 बजे नमाजियों से भरी जामा मस्जिद, सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर की जामा मस्जिद में डेढ़ बजे अलविदा जुमा की नमाज शहर काजी सैयद खुशनूद मियां ने अदा कराई। दोपहर 1:30 बजे तक जामा मस्जिद नमाजियों से भर गई। जामा मस्जिद में आसपास के गांवों से लोग सुबह से ही पहुंचे। अजान के बाद काजी ए शहर ने खुतबा दिया और फिर नमाज अदा कराई। इसके अलावा लोगों ने शहर में बनी अलग-अलग मस्जिदों में नमाज अदा की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।

शहर काजी सैयद खुशनूद मियां ने खुतबे में कहा कि रमजानुल मुबारक का अब यह पाक महीना रुख्सत होने वाला है। अल्लाह अपने नेक बंदों का इसका अज्र देगा वह माफ करने वाला है अपने बंदों के गुनाहों को माफ करेगा। आखिरी अशरा चल रहा है हुजूर इन आखिरी दस दिनों में इबादत में मशगूल रहते थे। शबे कद्र को 21, 23, 25,27, 29 में ढूढों। यह रात बड़ी फजीलत वाली रात है इस रात कुरआन को उतारा गया। इस रात को आमाल पेश होते हैं इसलिए इसको शबे कद्र कहा जाता है पिछली उम्मतों की उम्र ज्यादा होती थी। इस उम्मत की उम्र कम है अल्लाह फरमाते हैं इस रात की इबादत हजार रातों के बराबर है।



जामा मस्जिद में खुतबा पढ़ते शहर काजी सैयद खुशनूद मियां। –जागरण मोर्चा



नमाज अदा करने के बाद जामा मस्जिद में दुआ करते रोजेदार। –जागरण मोर्चा

जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज से पहले मौलवी फैजान खां नायब इमाम ए शहर ने कहा रमजान रहमतों नेमतों का महीना हमसे रूखसत होने वाला है। इस महीने में नफीलों का सवाब फर्जों के बराबर कर दिया जाता है। जकात हर मालदार पर फर्ज है साढ़े बावन तोले चांदी है जिसके पास है वह ढाई फीसदी जकात गरीबों में देगा। दो किलो गेहूं या 55 रुपए अदा करें। हुजूर फरमाते हैं जो सदका फितर अदा नहीं करता तो रोजे कबूल नहीं होगे। आखिर में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई।



दढ़ियाल की नूरी मस्जिद में नमाज़ के बाद दुआ मांगते रोजेदार। –जागरण मोर्चा

## दढ़ियाल में नमाजियों से भरी मस्जिदें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुमे कहा जाता है। शुक्रवार को नगर सहित क्षेत्र के गांवों की मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। हजारों लोगों ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। अलविदा जुमा होने के कारण नमाजी समय से पहले ही मस्जिदों में पहुंचना शुरू हो गए थे। अजान होने तक सभी मस्जिदें पूरी तरह भर चुकी थीं।

इस दौरान रोजेदार पारंपरिक कुर्ते-पजामे में नजर आए। नूरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अख्तर रजा ने खुतबे से पूर्व बयान करते हुए कहा कि रमजान के महीने में अल्लाह की राह में एक रुपया खर्च करने पर सात सौ गुना सवाब मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि रमजान में नफील नमाज का सवाब फर्ज नमाज के बराबर और फर्ज नमाज का सवाब सत्तर फर्ज नमाज के बराबर मिलता है। नमाज के बाद मस्जिदों में मुल्क में अमन, चैन, भाईचारे के साथ-साथ बेरोजगारों के लिए रोजगार, बीमारों के लिए शिफा (स्वास्थ्य) और बेऔलादों के लिए औलाद की दुआएं कराई गईं। रमजान का आखिरी जुमा होने के कारण कई नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भी रोजे रखे। उन्होंने अपने माता-पिता की अच्छी सेहत के लिए दुआ की। वहीं दूसरी ओर नगर सहित क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन, अकबराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंडी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भाउपुरा, मुबाना, चक, जटपुरा, पीपली नायक, मिलक, सिटला, घोसीपुरा, कैथोला, महुआखेड़ा आदि सहित दर्जनों गांवों में अलविदा नमाज अदा की गई।

## शांतिपूर्ण ढंग से अदा हुई जुमा अलविदा की नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर की मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई। इस दौरान शहर भर की मस्जिदों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। रमजान के पवित्र महीने के आखिरी जुमे पर अदा की जाने वाली अलविदा की नमाज में बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर शहर की सभी मस्जिदों में नमाज़ी उमड़ पड़े। सभी मस्जिदों के बाहर नगर पंचायत की ओर से चूना डलवाया गया।

शहर की जामा मस्जिद में शहर इमाम मो सलमान साहब ने नमाज अदा कराई। मोहल्ला वेदान की इलाही मस्जिद के इमाम कारी साजिद रज़ा ने अपनी तकरीर में सभी मुस्लिम भाइयों से आगामी ईद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। वहीं, मुस्तफा मस्जिद के इमाम मुम्ताज रज़ा ने रोज़े और इस्लाम की फज़ीलत के बारे में बताया। नबी की सुन्नतों पर अमल करने की हिदायत दी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने शहर का भ्रमण किया। पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मस्जिदों पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर रखी। शाहबाद की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, लोगो ने अमन के साथ नमाज अदा की।



शाहबाद की कुबा मस्जिद में बयान करते इमाम। –जागरण मोर्चा

## खनन की डयूटी से 6 अधिकारी मिले नदारद, कटेगा वेतन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अवैध खनन की रोकथाम के लिए लगाई गई अधिकारी डयूटी को सही से अंजाम नहीं दे रहे हैं। बल्कि वह चेक प्वाइंट से अनुपस्थित हो रहे हैं। इस पर जिला प्रशासन ने 6 अधिकारियों का 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए है।

12 मार्च को चेक प्वांइटों का निरीक्षण किया। जिसमें कतिपय चेक प्वाइंटों पर रात्रि में निर्धारित समयावधि के दौरान कराए गए निरीक्षण में 6 अधिकारी-कर्मचारी अपने चेक प्वाइंट/ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। जिसमें डयूटी स्थल मसवासी चौराहा तहसील स्वार पर तैनात कुन्दन सिंह भण्डारी, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, स्वार व डयूटी स्थल खौद चौराहा तहसील सदर पर तैनात कुलदीप सिंह राणा, जिला कृषि अधिकारी डयूटी स्थल दढियाल तिराहा तहसील टांडा पर तैनात विश्वास दीक्षित,नायब तहसीलदार टांडा व डयूटी स्थल अजीतपुर ओवरब्रिज के पास फिलिंग स्टेशन के सामने सदर पर तैनात अखिलेश चन्डोला क्षेत्रीय वनाधिकारी एवं विजेन्द्र कुमार, लेखपाल तहसील सदर तथा डयूटी स्थल रठौडा चौराहा तहसील मिलक पर तैनात इमरान खान लेखपाल तहसील मिलक के विरूद्ध अवैध खनन/परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर नियंत्रण हेतु किए जा रहे प्रशासनिक प्रयासों को प्रभावित करने एवं शासकीय कार्यों के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर अनुपस्थित 6 अधिकारियों,कर्मचारियों का स्पष्टीकरण लेते हुए 1 दिन का वेतन काटने के आदेश निर्गत किए गए हैं।

## अलविदा जुमे को नमाजियों से खचाखच भरी रहीं मस्जिदें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** पवित्र रमजान के अलविदा जुमे पर नमाजियों से मस्जिदें खचाखच भरी रहीं। नमाजियों ने समय से मस्जिदों मे पहुंचकर नमाज अदा की। नमाज के बाद कौम ओर मुल्क की तरक्की को दुआ की गई। रमजान माह के अलविदा जुमे को लेकर मुस्लिम समुदाय सुबह से ही तैयारियों मे लग गया। जैसे ही नमाज का समय हुआ। भारी संख्या मे मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों मे पहुंचने लगे।

स्वार बाजपुर मार्ग स्थित अड्डे वाली मस्जिद मे इमाम मौलाना जिशान रजा, जामा मस्जिद में इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी, मस्जिद डेरे वाली मस्जिद में इमाम कारी शब्बन खां, मस्जिद फैजाने मौला अली में इमाम इमरान रजा अत्तारी ने रमजान के अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क, कौम की तरक्की को दुआ कराई गई। वही नगर पंचायत नरपत नगर समेत क्षेत्र के गांव मीरापुर, रायपुर, रजानगर, जालिफनगला आदि मस्जिदों मे मुस्लिम समाज ने भारी संख्या में अलविदा जुमे की नमाज अदा की। अलविदा जुमे की नमाज शांति पूर्ण ढंग से निपटने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह समेत पुलिस बल के साथ लगातार मोबाइल गश्त करते रहे।



स्वार की अड्डे वाली मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए बैठे रोजेदार।

## जिला अस्पताल के 25 नंबर में भी कम्प्यूराइज्ट ओपीडी शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

- कमरा नंबर 9 में भी जल्द चालू होगी ओपीडी




**रामपुर।** जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर के पीछे बने कमरा नंबर 25 आर्थोपेडिक सर्जन हड्डी रोग विशेषज्ञ कक्ष में कम्प्यूराइज्ट ओपीडी शुरू हो गई है। इससे अस्पताल में आने वाले रोगियों को चिकित्सक से परामर्श लेने में परेशानी होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने इंतजाम किए है। अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने के लिए रोगियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। काफी दूर तक लंबी लंबी कतारें लगती है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इस समस्या को दूर करने के लिए कम्प्यूराइज ओपीडी की सुविधा की गई है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि अस्पताल में आने वाले रोगियों के लिए बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। अस्पताल परिसर के कमरा नंबर 3,11 में बैठै चिकित्सक रोगियों की कम्प्यूराइज ओपीडी चालू है। अब कमरा नंबर 25 हड्डी रोग विशेषज्ञ के यहां पर भी कम्प्यूटराइज्ट ओपीडी शुरु हो गई है। उन्होंने बताया कि कमरा नंबर 9 जनरल सर्जन के यहां भी ओपीडी चालू होगी।

## जिले में नहीं गैस की कोई कमी, किसी को नहीं होगी दिक्कत : आकाश

### गैस एजेंसी स्वामियों और पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ शहर विधायक आकाश सक्सेना ने की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि रामपुर में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। यहां किसी भी वैद्य उपभोक्ता को गैस की आपूर्ति में दिक्कत नहीं होगी। ऐसे में उपभोक्ता गैस की सप्लाई को लेकर परेशान न हों।

ईद पर भी गैस की भरपूर सप्लाई होगी। वह रामपुर सेवक कार्यालय पर आयोजित गैस एजेंसी स्वामियों और पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों से कंपनी के माध्यम से गैस की आवक और ग्राहकों तक आपूर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की। एजेंसी संचालकों ने बताया कि गैस सप्लाई में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है। भरपूर आपूर्ति प्राप्त हो रही है। लेकिन, दिक्कत सिर्फ उन लोगों को हो रही है, जिनके वैद्य कनेक्शन नहीं हैं या फिर उनकी केवाईसी पूर्ण नहीं है। बाकि, आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है। जिस पर विधायक आकाश सक्सेना ने एजेंसी संचालकों से कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी परिवार को परेशानी न हो। साथ ही पूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी सप्लाई व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि आगामी ईद को देखते हुए गैस की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। त्योहार के दौरान भी उपभोक्ताओं को गैस की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आकाश सक्सेना ने लोगों से अपील की कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना वजह गलत जानकारी फैलाकर लोगों को परेशान कर रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति में गैस की कोई कमी नहीं है।

विधायक ने उपभोक्ताओं से कहा कि वे घबराएं नहीं और सामान्य तरीके से ही गैस बुकिंग कराएं। प्रशासन और गैस एजेंसियां मिलकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी पूरन, अमित दिवाकर, शादाब खां, सुबोध अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



एजेंसी संचालकों से बातचीत करते विधायक। –जागरण मोर्चा

## समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की जाती




महिलाओं को साइकिल और सिलाई मशीन देते समिति के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से कई महिलाओं को रोजगार के लिए सिलाई मशीन दी। इसके अलावा साइकिल वितरण भी की। कुछ जरूरतमंद महिलाओं को राशन उपलब्ध कराया।

समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की जाती है।महिलाओं को सिलाई मशीन और रोजगार के लिए साइकिल राशन वितरण किया। समिति का मकसद ही जरूरतमंदों की सेवा है,जो वीर खालसा सेवा समिति के द्वारा समय-समय पर किया जाता है। इस मौके पर सुखबीर सिंह,मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, करमजीत सिंह, मनिंदर सिंह, अंजू अरोड़ा, नेहा रस्तोगी, रितु अग्रवाल,ममता अरोड़ा मौजूद रहे।

**विरोध** 15 मार्च तक चलाया जाएगा चरणबद्ध आंदोलन

## टीईटी के मुद्दे पर शिक्षकों का पोस्टकार्ड अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर बेसिक शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में शुक्रवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया। इसके तहत बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अपनी मांगों से संबंधित पोस्टकार्ड लिखकर डाकघर के लेटर बॉक्स में डाले।

1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया है। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में बनाए गए एक ऐसे नियम के आधार पर दिया गया है, जिसे उस समय सार्वजनिक नहीं किया गया था। शिक्षकों का कहना है कि जिस समय उनकी नियुक्ति हुई थी, उसी समय के नियम उन पर लागू होने चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रभाव (बैक डेट) से नियम लागू करना शिक्षकों के साथ अन्याय है। इसी के विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

आंदोलन के प्रथम चरण में 15 मार्च तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश तथा मुख्यमंत्री को शिक्षकों की ओर से ई-मेल और पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बड़ी संख्या में शिक्षकों ने पोस्टकार्ड लिखकर उन्हें डाकघर के लेटर बॉक्स में डाला।

महासंघ के सह संयोजक कैलाश बाबू पटेल ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे 15 मार्च तक पोस्टकार्ड और ई-मेल भेजकर आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करें।




पोस्टकार्ड दिखाते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

## महिला को चप्पल से पीटने का वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में महिला को चप्पल से पीटने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया से वायरल हो रहा है। मौके पर खड़े लोग दोनों महिलाओं को किसी तरह से बचाव कराने में लगे हुए है।

कोतवाली क्षेत्र के बाजार नसरुल्लाह स्थित नाजिम मार्केट के पास दो महिलाओं को किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। यह देख मौके पर खड़े राहगीरों ने दोनों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। तो इसी बीच दोबारा से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों महिलाओं ने हाथापाई शुरू हो गई। तो इसी बीच एक महिला ने पैर से चप्पल निकाल ली। दूसरी महिला को चप्पल से पीट दिया। दोनों महिलाओं की आपस में मारपीट शुरु हो गई। इस दौरान नाजिम मार्केट के पास देर तक जाम लग गया। दोनों महिलाओं में हुई मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस मामले में शहर कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि वीडियो पुराना है। दोनों महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।



## दढ़ियाल में नमाजियों से भरी मस्जिदें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुमे कहा जाता है। शुक्रवार को नगर सहित क्षेत्र के गांवों की मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। हजारों लोगों ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। अलविदा जुमा होने के कारण नमाजी समय से पहले ही मस्जिदों में पहुंचना शुरू हो गए थे। अजान होने तक सभी मस्जिदें पूरी तरह भर चुकी थीं।

इस दौरान रोजेदार पारंपरिक कुर्ते-पजामे में नजर आए। नूरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अख्तर रजा ने खुतबे से पूर्व बयान करते हुए कहा कि रमजान के महीने में अल्लाह की राह में एक रुपया खर्च करने पर सात सौ गुना सवाब मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि रमजान में नफील नमाज का सवाब फर्ज नमाज के बराबर और फर्ज नमाज का सवाब सत्तर फर्ज नमाज के बराबर मिलता है। नमाज के बाद मस्जिदों में मुल्क में अमन, चैन, भाईचारे के साथ-साथ बेरोजगारों के लिए रोजगार, बीमारों के लिए शिफा (स्वास्थ्य) और बेऔलादों के लिए औलाद की दुआएं कराई गईं। रमजान का आखिरी जुमा होने के कारण कई नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भी रोजे रखे। उन्होंने अपने माता-पिता की अच्छी सेहत के लिए दुआ की। वहीं दूसरी ओर नगर सहित क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन, अकबराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंडी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भाउपुरा, मुबाना, चक, जटपुरा, पीपली नायक, मिलक, सिटला, घोसीपुरा, कैथोला, महुआखेड़ा आदि सहित दर्जनों गांवों में अलविदा नमाज अदा की गई।



दढ़ियाल की नूरी मस्जिद में नमाज़ के बाद दुआ मांगते रोजेदार। –जागरण मोर्चा

**एक नजर**

## महिला मुख्यमंत्री की विकास योजना को लेकर समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में मुख्यमंत्री के विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व दशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति, पीएम कुसुम योजना, डे एनआरएलएम आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा मनरेगा, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत भवन निर्माण तथा सड़क निर्माण को लेकर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि सभी को रैंकिंग सुधार को लेकर कार्य करना है, टाप टेन में रहने का प्रयास करें। दुग्ध मूल्य भुगतान, सहकारी दुग्ध समितियां, फैमिली आईडी, सामाजिक वनीकरण, कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य संपदा योजना, आईसीडीएस पोषण अभियान, ओडीओपी टूल किट एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आदि पर चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उपकृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कलर बेल्ट व प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे खिलाड़ियों के चेहरे

### ताइक्वंडो अकेदमी में संपन्न हुआ कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय


प्रमाण पत्रों के साथ ताइक्वांडो खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से चन्दौसी ताइक्वांडो अकेदमी में कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर विभिन्न बेल्ट की परीक्षा दी। जिसमें येलो बेल्ट परीक्षा में आध्या सिंह, रागिनी, आर्य, सुदीक्षा, परिधि, शिवानी, शिवांस, सूर्या, अंकित कुमार, आएश, पूर्वी, गौतम, अंकित, आलोक, कृष्णा, ग्रीन बेल्ट में अवनी सैनी, मिस्टी, अभि कुमार, चिराग शर्मा, अनिरुद्ध सिंह, अंश कुमार, सिया अग्रवाल, रोशनी, ग्रीन वन बेल्ट में ब्रिजेश, रितिक, नक्षत्र, स्वाधीनता पाठक, आदिशक्ति पाठक, कृष्ण देव, ब्लू बेल्ट में तन्मय त्यागी, अदिति पाठक, आराध्या सिंह, रघुराज सिंह, संतराम, आरब, शिव कुमार, तमन्ना, आदित्य राघव, ब्लू वन बेल्ट टेस्ट में आदित्य यादव, पूर्णिमा सिंह, सूर्यांश, आराध्या पटेल, शिवांश मिश्रा, अभिनव गोयल, रोली गोयल, सृष्टि, रेड बेल्ट में अगस्त्य यादव, कार्तिक, खुशी, प्रियंका, आराध्या, अनन्या, अथर्व आदि शामिल रहे। जालि ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ी का टेस्ट फिजिकल, ओरल, टेक्निकल व ओरल, स्पेरिंग, पुमसे के आधार पर लिया जाता है। परीक्षक के रूप में रेखा, राहुल, पीयूष, तंजीम मौजूद रहे। सभी परीक्षकों ने खिलाड़ियों की तकनीक, प्रदर्शन की सराहना की। ब्लेट बेल्ट महिला खिलाड़ी रेखा ने बताया कि बच्चों में ताइक्वांडो सीखने से आत्मसुरक्षा, आत्मविश्वास, अनुशासन जैसे गुणों में वृद्धि होती है। टेस्ट के उपरांत 55 खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो से जारी कलर बेल्ट व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र पाकर सभी खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे।

## स्वास्थ्य शिविर आज

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी, वीमेन पावर, वीमेन प्राइड, वीमेन एरा व महिला शक्ति के सहयोग से शनिवार को सीता रोड स्थित कृष्ण कुंज धर्मशाला में सुबह 11.30 बजे से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने बताया कि जिसमें हड्डी रोग विशेष व सामान्य चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श के अलावा ब्लड शुगर, रक्तचाप, बीएमडी आदि की जांच कराई जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसका आरंभ जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डा. विदुषी सिंह द्वारा किया जाएगा। जिसमें न्यायालय संबंधित वाद व बैंक सहित अन्य मामलों में किया जाएगा।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। -जागरण मोर्चा

## डीएम ने बैठक में की निर्माण कार्यों की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया। जिसमें कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा की गई। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने वाले सड़क निर्माणों मुरादाबाद-गवां-बुलंदशहर मार्ग के संबंध में निर्देश दिए। जिसमें कार्यदायी संस्था द्वारा खेतापुर में निर्माणाधीन आयुष चिकत्सलय के शीघ्र निर्माण तथा माइल स्टोन बनाने को लेकर निर्देशित किया। जूनियर हाईस्कूल सैंजनी को 31 दिसंबर तक कार्य के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत आनंदपुर में ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम निर्माण को लेकर भी निर्देश दिए गए. सद्भावना मंडप को शीघ्र पूर्ण कराने के संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए। जल निगम ग्रामीण, सेतु निगम को भी आवश्यक निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था सी एंड डीएस को संभल में बस स्टैंड तथा सारथी हाल को लेकर निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रामानुज, जिला अर्थ एवं संस्था अधिकारी सत्येंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने दिखाई आत्मविश्वास की उड़ान

जागरण मोर्चा कार्यालय


कस्तूरबा गांधी विद्यालय में विजेता बच्चों के साथ अतिथि। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बनियाखेरा में गिव मी विंग्स – मुझे पंख दो कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के नेतृत्व, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमताओं को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक भारतीय खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पीयर लर्निंग डेमो, बाल संसद, बाल पुलिस एंव टीईडी स्टाइल टॉक्स मेरी कहानी, मेरी आवाज जैसे विभिन्न आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने माडल और नवाचार भी प्रस्तुत किए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अल्का शर्मा ने छात्राओं की प्रदर्शनी और प्रस्तुतियों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बालिकाओं ने बताया की कैसे पीयर लर्निंग, बाल संसद, मीन मंच जैसे कार्यक्रमों ने उनको न केवल अपनी बात रखने का अवसर दिया बल्कि उनको अपनी बात रखने का आत्मविश्वास दिया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए ।

यह कार्यक्रम बालिकाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व और सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण बना तथा यह संदेश देता है कि जब बेटियों को अवसर मिलता है, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई दिशा तय कर सकती हैं। इस दौरान देवेन्द्र कुमार , आशुतोष, संदीप आदि मौजूद रहे।

## जीएसटी की धाराओं को सरल करने की मांग को लेकर जीएसटी अधिकारियों से मिले व्यापारी

- व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों का किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर बबलू सिंह, डिप्टी कमिश्नर धर्मेंद्र कुमार से मिले और व्यापारियों की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिसमें जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने डिप्टी कमिश्नर से नए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा नए रजिस्ट्रेट में किन-किन प्रमाण पत्र की आवश्यकता तथा किस विधि से नया रजिस्ट्रेशन लिया जा सकता है आदि की जानकारी ली।

व्यापारियों ने कहा कि आईटीसी से संबंधित प्रावधानों में आईटीसी किस प्रकार समुचित किया जाए। साथ ही जीएसटी विभाग से व्यापारियों को हो रहे उत्पीड़न अवगत कराया। व्यापारियों ने मांग की जीएसटी विभाग द्वारा इतने गहन एवं कठिन धाराओं से व्यापारी परेशान है।

व्यापारियों के लिए एक सीधा कानून बनाकर जीएसटी लिया जाना चाहिए न कि कानून की धाराओं में उलझा कर व्यापारी का उत्पीड़न किया जाए। जीएसटी अधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उमेश चंद्र वाष्णेय, रमेश ग्रेवाल, सुभाष मित्तल, शाह आलम मंसूरी, सागर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सैकड़ों हाथों ने अमन चैन की दुआ करके अदा की जुमा अलविदा की नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रमजान के चौथे शुक्रवार को नगर के जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद के साथ विभिन्न मस्जिदों में रोजेदारों ने नगर में अमन चैन की दुआ के साथ जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान मस्जिदों के पास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे।

रमजान में हर शुक्रवार के साथ अंतिम शुक्रवार का बड़ा ही महत्व होता है, रोजदार इसको ईद की तरह मनाते है। ऐसा ही माहौल मुस्लिम क्षेत्रों में देखा गया। सुबह से बच्चों के साथ बड़े व युवा सफेद कुर्ता पजामा पहन सर पर टोपी लगाए सड़कों पर नजर आए। दोपहर को जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में पहुंचने लगे। सबसे ज्यादा भीड़ बड़ी मस्जिद पर नजर आई। सभी ने नगर में अमन-चैन की दुआ करके


बड़ी मस्जिद पर जुमा की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।

जुमे की नमाज अदा की। इसके साथ शहर की प्रमुख मस्जिदों मौहल्ला राज स्थित बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, लाल मस्जिद, सरायखाम की मदिना मस्जिद, जामा मस्जिद, संभल गेट स्थित बड़ी मस्जिद, स्टेशन रोड स्थित मस्जिद, संभल गेट स्थित सुनहरी मस्जिद, मौहल्ला नोन स्थित नूरी मस्जिद, मौहल्ला नखासा स्थित शाही मस्जिद आदि समेत शहर की अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान एसडीएम आशुतोष तिवारी सीओ दीपक तिवारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ बड़ी मस्जिद पर तैनात रहे। वहीं अन्य मस्जिदों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की सख्ती के चलते नगर में जुमें की नमाज शांतिपूर्ण सपन्न हो गई।

## अयोध्या से लौटने पर छात्र का हुआ सम्मान


खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता छात्र को सम्मानित करते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** डा. आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न कराई गई थी। जिसमें तहसील गुन्नौर में गांव कैल के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 8 के छात्र बाबी ने लंबी व ऊंची कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

शुक्रवार को छात्र के अयोध्या से लौटने पर विद्यालय में खुशी का माहौल बना रहा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अलका शर्मा ने छात्र बाबी, अध्यापक व सभी सहयोगी व्यायाम शिक्षकों को बधाई दी। कहा कि जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर विजेता छात्र को बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

# स्वयं सेवक अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में करें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एसएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर मुरादाबाद रोड स्थित देवर खेड़ा गांव स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में डा. विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में चल रहा था। शुक्रवार को शिविर के अंतिम दिवस पर स्वयंसेवकों ने शिविर स्थान पर स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरांत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में जागृत करते हुए पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के स्थान पर गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत जैसे सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम



एस एम कॉलेज के शिविर के समापन पर मौजूद स्वयंसेवक और शिक्षक।

के द्वितीय सत्र को समापन सत्र के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. दानवीर सिंह यादव ने कहा कि विश्व में पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के भंडारों की सीमा है जबकि जनसंख्या के आधार पर ऊर्जा का उपयोग तेजी से बढ़ता चला जा रहा है, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि वह गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का प्रचार करते हुए अपनी व्यक्तिगत ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में करें। शरद शर्मा ने कहा कि स्वयंसेवक वर्ग संघर्ष के स्थान पर वर्ग समन्वय की भावना अपने अंदर समाविष्ट करते हुए समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी साबित हों। इस अवसर पर स्वयंसेवको ने शिक्षकों को समर्पित काव्य पाठ, राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत, सप्त दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्ट आदि का सुचारू रूप से प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक हरवीर ने किया। इस दौरान शिविर में भूपाल सिंह शास्त्री, सुरेश कुमार, जितेंद्र कुमार का सहयोग रहा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन


शिविर के समापन पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देतीं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के बहजोई रोड स्थित माडल पब्लिक एजुकेशन कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष सिविल चल रहा था। जिसका सातवे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। प्राचार्य डा. राजकुमार गोयल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने डांस, गाने, कविता के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। गिरीश चंद्र मिश्रा, राम दुलारे के द्वारा स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बीएड विभाग की मधु राठौड़ ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं की सुंदर प्रस्तुति के लिए उत्साहवर्धन किया व कार्यक्रम का समापन कर सभी को आभार प्रेषित किया।

## विकास खण्ड रजपुरा में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बबराला।** विकास खंड रजपुरा सभागार में ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अक्षय कुमार मौजूद रहे। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देखरेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की


ब्लाक सभागार रजपुरा में बैठक लेते एडीओ पंचायत। -जागरण मोर्चा

लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी राजकुमारी ने किशोर न्यायालय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा को कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल सिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पांसरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181, 112, 1076 आदि के विषय में बताया। इस अवसर पर एमएल पटेल, अलीजान, वीपी गुप्ता, यशवीर सिंह, वीर सिंह, आकाश आदि मौजूद रहे।

## जिक्र करके किसी गैर का दिल जलाता रहा रात भर



कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते कवि। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** किरण वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह व सरस कवि सम्मेलन का आयोजन अनुष्क सेलिब्रेशन हाल में किया गया। मुख्य अतिथि फूल प्रकाश ने मां शारदा के समक्ष दी प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में डा. दुर्गा टंडन ने कविता के माध्यम से कहा कि चेतना को जगा दो समय शेष है, अब अधर में खड़ा मेरा देश है। बदायूं से आई सरिता चौहान ने सुनाया कि गुझियां सेवइयां हम मिलकर खाते हैं, होली, बैसाखी संग ईद मनाते हैं। राम-कृष्ण-प्रहलाद की परिपाटी हैं हम, भारत की माटी का तिलक लगाते हैं। हिमांशु भारद्वाज ने सुनाया कि प्यार की हद को तू हमसफर आजमाता रहा रात भर, जिक्र करके किसी गैर का दिल जलाता रहा रात भर। कवि सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य, श्रंगार तथा राष्ट्रवादी से ओतप्रोत कविताओं ने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, हिमांशु, जयशंकर दुबे, नीलम वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## समस्या का समाधान नहीं होने पर भाकियू टिकैत करेगी आंदोलन

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों को विद्युत की समस्या के समाधान की मांग को लेकर वितरण वितरण खंड में अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती, कम वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मर की समस्या बनी है। दिन में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 6 बजे तक कटौती बंद की जाए। ताकि किसान फसल की सिंचाई दिन में कर सके। महीने का लंबा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक इस समस्या का हल नहीं हुआ है। भाकियू इसका विरोध करती हैं। अगर समस्या 8 दिन के अंदर हल नहीं हुई तो भाकियू टिकैत विद्युत वितरण खंड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पर गेट पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## दुष्कर्म के आरोपियों को भेजा जेल


पुलिस की गिरफ्त में खड़े दुष्कर्म के आरोपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के चार युवकों के खिलाफ अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है।

बुधवार की रात उसकी बेटी घर पर अकेली थी। पत्नी और परिवार की दूसरे सदस्य गांव में एक समारोह में गए थे। आरोप है कि इसी रात गांव का विवेक ने मौके का फायदा उठाकर घर में घुस गया और किशोरी को बहला फुसलाकर बाहर ले आया। यहां पहले से मौजूद गौरव, अमन और शिवा की मदद से विवेक ने किशोरी को जबरन बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद जंगल में ले जाकर मुंह में कपड़ा ठूसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपित घटना के बाद किशोरी को बदहवास हालत में खेत में छोड़कर भाग गए। किशोरी स्वजन को पूरे प्रकरण के बारे में बताया। जिससे परिजनों सुनकर सन्न रह गए।

पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस की टीम गठित कर आरोपितों की तलाश शुरू की गई । गुरुवार रात ही टीम ने आरोपितों को पकड़ लिया। सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपितों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया गया है।

## एक नजर

### ईदगाह पर सुबह 7:45 बजे अदा की जाएगी ईद की नमाज

**हसनपुर।** शहर इमाम मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष ईद–उल–फितर की मुख्य नमाज नगर स्थित ईदगाह में सुबह 7 :45 बजे अदा की जाएगी। उन्होंने अकीदतमंदों से अपील की है कि वह निर्धारित समय पर ईदगाह पहुंचें और मुल्क में अमन–ओ–अमान व खुशहाली के लिए सामूहिक दुआएं मांगें।

### 15 मार्च को होगी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

**हसनपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में आगामी भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य बनाने के लिए विचार विमर्श कर ब्राह्मण बांधो द्वारा रूप रेखा तैयार की जाएगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष पंडित विनय कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि आगामी भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर 15 मार्च को नगर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला के सत्संग भवन में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप देने के लिए आपस में विचार विमर्श किया जाएगा।

# अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** माह-ए-मुकद्दस रमजान अलविदा जुम्मे की नमाज तहसील क्षेत्र में पूरी अकीदत और मजहबी शान-ओ-शौकत के साथ संपन्न हुई। नगर की जामा मस्जिद सहित तमाम ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा, जहां मुल्क की खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं।

तहसील प्रशासन और पुलिस की मुस्तैदी के चलते पूरी नमाज पुरे-अमन तरीके से संपन्न हुई। जामा मस्जिद और अन्य संवेदनशील मस्जिद पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। उच्च अधिकारी खुद मोर्चे पर डटे रहे और चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखी। सीसीटीवी कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से हर गतिविधि की निगरानी की गई, जिससे शरारती तत्वों के हौसले पस्त रहे।मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने कहा कि 'इंसानियत की सेवा ही असली इबादत है।नमाज से पहले मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने अपनी


अलविदा जुमा की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। –जागरण मोर्चा

मसूहरकुन तकरीर से मोमिनों के दिलों को मुतास्सिर किया। उन्होंने जकात और फितरे की अहमियत पर जोर दिया।अलविदा जुम्मे की नमाज के साथ ही रमजान का मुकद्दस महीना विदा हो रहा है, लेकिन इसकी सीख हमें ताउम्र याद रखनी चाहिए। जकात और सदका-ए-फित्र महज एक रस्म नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों का वह हक है। जिसे ईद की नमाज से पहले अदा करना लाजिम है। याद रखें, आपकी ईद की खुशियां तभी मुकम्मल होंगी जब आपके पड़ोस में रहने वाला यतीम और बेसहारा शख्स भी नए लिबास और मसर्रत के साथ ईद मनाएगा।नमाज के बाद प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अकीदतमंदों और उलेमा-ए-किराम का शुक्रिया अदा किया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त निगरानी जारी रखी। पूरे तहसील क्षेत्र में अमन-ओ-अमान का माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर अलविदा जुम्मे की मुबारकबाद दी।

## दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या, पति व सौतन पर केस

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की हत्या। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर घेर निवासी बलवन्त ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री राखी ने एक वर्ष पूर्व अल्लीपुर मिलक निवासी सतेन्द्र के साथ प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही पति सतेन्द्र और सौतन बबीता पाच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

आरोप है कि 10 मार्च की सुबह मांग पूरी न होने पर दोनों पति-पत्नी ने षडयंत्र रचकर राखी की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों को राखी का शव चोटिल अवस्था में मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया पीड़ित बलवंत की तहरीर पर पति सत्येंद्र वह सौतन बबीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।


अंबेडकर उद्यान समिति मोहल्ला खेवान हसनपुर का अध्यक्ष बाबूराम जाटव को बनाया गया। –जागरण मोर्चा

## अंबेडकर उद्यान समिति मोहल्ला खेवान हसनपुर का अध्यक्ष बाबूराम जाटव को बनाया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शुक्रवार को मोहल्ला खेवान में एक आवश्यक मीटिंग की गई जिसकी अध्यक्षता तीरथ प्रकाश उर्फ मलुआ नेताजी ने की व संचालन महेश जाटव ने किया।

बैठक में अंबेडकर पार्क मोहल्ला खेवान में चल रहे विवाद पर चर्चा की गई। मलवा नेताजी ने विवाद के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और इस विवाद को समाप्त करने के लिए जरूरी कदम उठाने हेतु निर्णय लिए गए समाज के सम्मानित लोगों ने सर्वसम्मति से अंबेडकर उद्यान समिति के तत्वाधान में मनाए जाने वाले कार्यक्रम का अध्यक्ष बाबूराम जाटव को बनाया तथा अंबेडकर उद्यान समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूराम ने कहा की अंबेडकर उद्यान समिति पार्क पर शानदार और भव्य तरीके से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया जाएगा समाज में अच्छे शिक्षा के माध्यम से तरक्की कर रहे मेधावी छात्रों को वह सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा बाबा साहब अंबेडकर जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम अंबेडकर उद्यान समिति मोहल्ला खेवान करेगी। इस अवसर पर समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बाबूराम जाटव को और महासचिव बृजपाल सिंह उपाध्यक्ष महेश जाटव को महामंत्री दारा सिंह को कोषाध्यक्ष चंद्र किरण बनाया गया तीर्थ प्रकाश उर्फ मलवा नेताजी हरपाल सिंह को संरक्षक बनाया गया अवसर पर महेंद्र सिंह आर्य सुशील भगत जी रामपाल नेताजी रामपाल नेताजी राजेंद्र गुड्डू प्रकाश बारहमासी फतेहचंद राजवीर सिंह करतार सिंह राजीव भगत जी विकास नवल कुमार सत्या सुशील शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता बच्चों ने किया स्थान प्राप्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुधनपुर में आयोजित की गई ,जिसमें कंपोजिट विद्यालय सुमाथेरविकास क्षेत्र हसनपुर के बच्चों ने मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर ग्रामीण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया।

कक्षा 8 के छात्र अमान ने बेहतरीन प्रदर्शन किया ।इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एडीएम जनपद अमरोहा ने टैबलेट देकर उसको सम्मानित किया गया। इसी के साथ-साथ संविलयन विद्यालय सुमठेर के राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति प्रतियोगिता परीक्षा में भी चार बच्चों का चयन हुआ ।जिससे पूरे ग्रामीण परिवेश और विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद


बच्चों का स्वागत करते हुए। –जागरण मोर्चा

कुमार व उनके स्टाफ ने बच्चों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री यशपाल सिंह ने बताया कि वहां के मॉडल को देखकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय का सिलेक्शन करना इतना मुश्किल हो गया क्योंकि एक से एक बेहतरीन मॉडल बना हुआ था तथा बच्चों के कॉन्फिडेंस को देखकर आनंद की अनुभूति हुई।श्री सिंह ने बताया कि वास्तव में ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है केवल कमी है पहचान की ।जिसमें अरविंद कुमार ने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए किचन गार्डन में भी विद्यालय का नाम रोशन किया है क्योंकि विद्यालय में अनेक प्रजाति के वृक्ष लगाकर विद्यालय को सुशोभित किया है। इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने बताया कि अरविंद जी एक आदर्श शिक्षक हैं और पूरी मेहनत के साथ और वअपने मनोयोग के साथ विद्यालय का संचालन करते हैं। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह ने बताया कि यह विद्यालय प्रत्येक वर्ष और प्रत्येक प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाए हुए हैं यह विद्यालय के प्रधानाध्यापक और उनके स्टाफ की मेहनत को दर्शाता है और बताया कि अरविंद जी व उनकी पूरी टीम पूरी मेहनत के साथ कार्य करती है और सभी बच्चों को खूब मेहनत लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अभिभावकों को भी प्रेरित किया कि ग्रामीण अंचल के बेहतरीन विद्यालय में अच्छी शिक्षा का माहौल है इसलिए अपने बच्चों के भविष्य को संवारने हेतु अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराए ताकि आपके बच्चों की भविष्य को सुधारा जा सके ।इसी क्रम में गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि अरविंद कुमार व योगेश कुमार दोनों पारस्परिक स्थानांतरण से गंगेश्वरी ब्लॉक से हसनपुर आए हैं और वहां भी पिपलौटी कला व प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में दोनों अध्यापकों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था और उसी का परिणाम यह है कि इस मनोयोग से यहां पर दोनों ने मेहनत कर परिणाम को बरकरार रखा और लगन के साथ बच्चों को व अभिभावकों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। विनोद कुमार गौतम जी के द्वारा बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को बहुत सारे क्वेश्चन कर परखा गया जिसमें बच्चे अपनी कसौटी पर खरे उतरे और अच्छी गुणवत्ता वास्तव में बच्चों ने हासिल की है जिसकी तारीफ की गई। अंत में विद्यालय में आए बाहर से सभी अतिथियों ने चयनित सभी बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, योगेश कुमार ,अशोक कुमार ,कविता देवी ,मेहरुल निशा ,लखमी सिंह ,देशवीर सिंह ,ब्रह्म ज्ञान सिंह, अर्से आलम ,कुलदीप कुमार ,नीतू रानी, काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## एआईएम आई एम ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन रमजान और ईद पर सुचारू गैस व बिजली आपूर्ति की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में व्याप्त एलपीजी गैस की भारी किल्लत और बिजली आपूर्ति में अनियमितता को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा ।विधानसभा अध्यक्ष और महासचिव हाजी शाहजाद खान एडवोकेट के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में पवित्र रमजान का महीना चल रहा है और जल्द ही ईद का त्यौहार आने वाला है। ऐसे समय में रसोई गैस वह बिजली की भारी कमी ने आम जनता, विशेषकर मुस्लिम क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं ।आरोप लगाया कि समय पर बुकिंग के बावजूद लोगों को


एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देते हुए। –जागरण मोर्चा

गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे पैनिक की स्थिति बनी हुई है। कालाबाजारी रोकने और सुरक्षा की मांग करते हुए कहा किरमजान और ईद के मद्देनजर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रशासन गैस की कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाए ।गैस एजेंसियों पर भीड़ और हंगामे को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया जाए। केवल उन्हीं लोगों को एजेंसी पर बुलाया जाए जिनकी बुकिंग का नंबर हो, ताकि अव्यवस्था न फैले। और उन्होंने कहा कि नगर में शहरी के समय पर क्या हीरो से बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है तुरंत बिजली आपूर्ति के आदेश किए जाएं।इस अवसर पर हाजी शाहजाद खान एडवोकेट ने कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते उचित कदम नहीं उठाए, तो त्यौहार के समय आम आदमी के चूल्हे ठंडे पड़ जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉक्टर मोहम्मद विकार चौधरी ,शाहाजेब सलमानी, हाफिज आसिफ, छुन्नन अल्वी,कदीर कुरैशी, मेहताब शेख, कासिम एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, घायल युवक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने से युवक बुरी तरह घायल हो गया, गंभीर हालत में निजी चिकित्सक यहां किया भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा निवासी प्रदीप पुत्र सुनहरी शुक्रवार की सुबह गांव से ट्रैक्टर लेकर गांव के बाहर स्थित एक कोल्हू पर खड़े डंपर को ट्रैक्टर से लेने जा रहा था। अचानक कोल्हू के मैदान में पहुंचने पर युवक ने ट्रैक्टर की रेस बढ़ा दी। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटते ही ट्रैक्टर के चारों पहिया ऊपर हो गए। जबकि ट्रैक्टर चला रहा युवक ट्रैक्टर के बीच में फस गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने


घायल। –जागरण मोर्चा

आनन-फानन में ट्रैक्टर को सीधा कर युवक को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला और निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया,जहां युवक का उपचार चल रहा है ।फिलहाल चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर बताई है।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण


स्वर्गीय सुरेश सक्सेना के परिवार को सांत्वना देते टी एस सी टी के पदाधिकारी।


स्वर्गीय गेंदनलाल के परिवार को सांत्वना देते टी एस सी टी के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टीएससीटी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी गेंदनलाल जोकि प्राथमिक विद्यालय भंवरकी जदीद विकास खंड शाहबाद के भीतरगांव स्थित आवास पर पहुंचे। उनके परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की। स्वर्गीय गेंदनलाल के परिवार (उनकी पत्नी पुत्र एवम बिटिया) को ढांढस दिलाया। इसी क्रम में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी द्वारा सुरेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बहापुर गंगापुर विकास खंड बिलासपुर निवासी मोहल्ला कायस्थान भी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

परिवार को ढांढस बंधाते हुए ये विश्वास दिलाया कि टीएससीटी हर मोड़ पर उनके साथ खड़ी है। टीम ने बताया कि भौतिक सत्यापन का समय बहुत ही कष्टकारी होता है परिवार और टीम दोनों पुरानी स्मृतियों से भावुक होते हुए समस्त प्रपत्र पूर्ण करते हैं ।स्थलीय निरीक्षण के बाद एवं सहयोग के दौरान संस्थापक मंडल द्वारा लिए सभी निर्णय सर्वमान्य होते हैं। बताते चलें इस भावना के साथ कि जब कोई हाथ और साथ दोनो छोड़ देता है, तब कुदरत कोई न कोई उंगली पकड़ने वाला भेज ही देती है। इसी को चरितार्थ करते हुए एक शिक्षक विवेकानंद के मन में आए इस विचार ने दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवार के साथ सभी शिक्षक साथियों को सहयोग भावना से जोड़ दिया। जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने बताया कि भौतिक सत्यापन का यह कार्य मन को बहुत ही द्रवित करने वाला रहा। सभी परिजन एवं टीम के साथी गमगीन हो गए अंततः टीम ने परिवार को सांत्वना देते हुए एवम खुद को संभालते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण की। टीम के सदस्यों ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण के उपरांत एवं सहयोग के दौरान टीएससीटी संस्थापक मंडल द्वारा लिए गए सभी निर्णय सर्वमान्य होते हैं। निरीक्षण में मंडल संयोजक जगदीश पटेल, जिला सह संयोजक हरिओम शर्मा, केशव कुमार, जिला सह संयोजक नितिन राजपूत, केशव कुमार, सह प्रभारी आई टी सेल विवेक यादव व ब्लॉक संयोजक बिलासपुर नेत्र पाल आदि रहे।

## घरेलू गैस की किल्लत को लेकर दूसरे दिन भी गैस एजेंसी पर लगी लाइन


गैस के लिए लगी लाइन। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच उपभोक्ताओं की गैस एजेंसी पर लगातार दूसरे दिन भी लाइन लगी दिखाई दी। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि जब गैस की किल्लत नहीं है तो गैस मिल क्यों नहीं रही।

शुक्रवार को नगर स्थित दोनों गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई दिखाई दी, बताया जा रहा है प्रातः से ही गैस उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी पर लाइन लगाए हुए हैं ।जहां जनपद के उच्च अधिकारी लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे कि गैस सिलेंडर की किल्लत से जुड़ी किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही ऐसी अफवाहें फैलाएं। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या प्रशासन से संपर्क कर सही जानकारी प्राप्त करें। वही नगर की गैस एजेंसी द्वारा रिक्शा चालकों के माध्यम से घरों पर भी लगातार गैस पहुंचवाई जा रही है।

## श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया श्री कृष्णा सुदामा की मित्रता का प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित मोहित भारद्वाज ने सुदामा चरित्र का वर्णन सुनाते हुए कहा की मित्रता कैसे निभाई जाए,यह भगवान श्री कृष्ण व सुदामा से समझ सकते हैं।

बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपालो ने प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा


श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित भक्त। –जागरण मोर्चा

का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वारा की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देख उन्होंने सुदामा को सीने को से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें अपने गले से लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देख सभा में बैठे सभी लोग अचंभित रह गए। कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया उन्हें कुबेर धन देकर मालामाल कर दिया कहा कि जब भी भक्तों पर विपदा आप पड़ती है ।तब तब प्रभु उनका उद्धार करते हैं ।इस दौरान ननहुआ सिंह, जगदीश ठेकेदार, ओमपाल सिंह, शेर सिंह, सोनू, मास्टर पूरन, डोरी, प्रशांत, दयाराम, शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## गृह क्लेश के चलते फांसी पर झूली विवाहिता

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गृह क्लेश के चलते फांसी पर झूली विवाहिता की मौत हो गई, परिजनों ने बिना कानूनी कार्यवाही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार के एक गांव में ग्रह क्लेश के चलते 25 वर्षीय एक विवाहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की सुबह जब परिजन सो कर उठे तो विवाहिता का शव दुपट्टे के सहारे कमरे की चौखट पर लटका हुआ था। विवाहिता की मौत के बाद मायके वालों को सूचना दी गई। मृतका अपने पीछे दो बेटों को रोते बिलखते छोड़ गई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया मामला संज्ञान में नहीं है अगर कोई तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का भव्य समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** स्थानीय सरदार बेगम मेमोरियल पी.जी. कॉलेज के तत्वावधान में काशीराम कॉलोनी और शेखपुर झकड़ी में चल रहे सात दिवसीय विशेष एन.एस.एस. (NSS) शिविर का आज भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। शिविर के अंतिम दिन का मुख्य विषय 'साइबर अपराध' (Cybercrime) रहा, जिसके माध्यम से स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर के अंतिम दिन यूनिट 1 और यूनिट 2 के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, ओटीपी (OTP) शेयर न करने और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी। वर्तमान समय में


शिविर के समापन पर हुए कार्यक्रम। –जागरण मोर्चा

बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए ग्रामीणों को जागरूक करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रहा। समापन समारोह के मुख्य अवसर पर कॉलेज के मैनेजर इंजीनियर दानिश खान ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि, "युवाओं को तकनीक के साथ-साथ उसकी सुरक्षा के प्रति भी सजग रहना होगा। एन.एस.एस. जैसे शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करते हैं।" कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मल्लिका निज़ामी ने सात दिनों की गतिविधियों की समीक्षा की और स्वयंसेवकों के अनुशासन एवं सेवा भाव की प्रशंसा की।पूरे शिविर का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नसरे आलम और डॉ. विनेश कुमार के दिशा-निर्देशन में हुआ।

इस दौरान सहयोगी शिक्षक डॉ. भूपेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. आसमा चौधरी और डॉ. राजकुमार कौशिक,ने विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया।समापन समारोह के दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति और सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया और राष्ट्रगान के साथ शिविर का विधिवत समापन हुआ।

## सम्पादकीय

# सुहाने सपने दिखाते सिविल सेवक

नौकरशाहों के साथ नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले सामने आते ही रहते हैं। आम तौर पर नेता तभी भ्रष्टाचार करने में समर्थ होते हैं, जब उन्हें भ्रष्ट नौकरशाहों का साथ मिलता है। अपने देश में भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई मुश्किल से हो पाती है।

संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी की परीक्षा को देश ही नहीं, दुनिया की कठिनतम परीक्षाओं में से एक माना जाता है। इसी कारण इस परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों के नाम सबका ध्यान खींचते हैं। सफल अभ्यर्थी और विशेष रूप से शीर्ष स्थान अर्जित करने वाले अपने माता-पिता और शिक्षण संस्थान का नाम रोशन करते हैं। जो साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, उनकी सफलता पूरे समुदाय में गर्व का भाव जगाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि भारतीय समाज में आइएएस और विशेष रूप से कलेक्टर यानी डीएम बनना प्रतिष्ठा का परिचायक रहा है। यूपीएससी यानी सिविल सेवा परीक्षा पास करना प्रतिष्ठा का कितना बड़ा विषय है, इसे इससे समझा जा सकता है कि कई जगह सफल अभ्यर्थियों का गाजे-बाजे के साथ स्वागत-सत्कार होता है। बीते दिनों यूपीएससी परीक्षा में सफल रहे कई अभ्यर्थियों का उनके गांव-घर में कुछ उसी भव्य तरीके से स्वागत किया गया, जैसे किसी नवनिर्वाचित नेता के चुनाव जीत लेने पर होता है। एक अभ्यर्थी ने अपने स्वागत के समय कार में सवार होकर जनता का अभिवादन किया और लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं। एक के स्वागत में लोग संगीत की धुन पर नाचते और अभ्यर्थी को नोटों की माला पहनाते दिखे। एक अन्य के काफिले में लैंड रोवर, डिफेंडर जैसी लक्जरी गाड़ियां नजर आईं। कुछ पुराने सिविल सेवकों ने सफल अभ्यर्थियों के नेताओं सरीखे ऐसे भव्य स्वागत पर असहमति और अप्रसन्नता प्रकट की। कुछ ने उन्हें नसीहत दी कि यूपीएससी परीक्षा पास करना मात्र कोई इतनी बड़ी उपलब्धि नहीं कि उनका ढोल बजाकर स्वागत किया जाए। इस असहमति का कुछ मूल्य-महत्व हो सकता है, लेकिन क्या कोई उस पर ध्यान देगा?

आने वाले दिनों में यूपीएससी में सफल अभ्यर्थियों के ऐसे साक्षात्कार पढ़ने-सुनने को मिल सकते हैं, जिनमें वे बताएंगे कि कैसे देश और समाज सेवा के जज्बे ने उन्हें सिविल सेवक बनने को प्रेरित किया। लगभग हर सफल अभ्यर्थी का स्वर यही होता है कि वह समाज के लिए कुछ करना चाहता था और इसका सबसे उत्तम उपाय सिविल सेवा में जाना था। इसमें संदेह नहीं कि आइएएस, आइपीएस जैसे पद सबसे सामर्थ्यवान हैं। इन पर आसीन होने वाले अपने विभाग या क्षेत्र की तस्वीर और लोगों का भाग्य बदल सकने में समर्थ होते हैं, पर क्या औसत सिविल सेवक ऐसा कर पा रहे हैं? यह वह प्रश्न है, जिस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। सिविल सेवकों को प्रशासनिक सेवा की रीढ़ माना जाता है। प्रशासन में उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, क्योंकि 1947 में इसी तिथि को सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रथम बैच के अधिकारियों को संबोधित किया था। इसी संबोधन में उन्होंने सिविल सेवकों को इस्पाती ढांचे की संज्ञा दी थी, पर पिछले काफी समय से यह स्वर उभर रहा है कि इस इस्पाती ढांचे को जंग लग चुकी है। इसी के साथ सिविल सेवकों की कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता भी जताई जा रही है। कहना कठिन है कि इस आवश्यकता की पूर्ति होगी या नहीं, क्योंकि मनमोहन सरकार के समय जिस प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया था, उसकी सिफारिशों पर आज तक अमल नहीं हुआ। यह अमल मोदी सरकार की ओर से बार-बार यह कहते रहने के बाद भी नहीं हुआ कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाई गई है। इस कथित जीरो टालरेंस नीति के बावजूद नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। नौकरशाहों के साथ नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले सामने आते ही रहते हैं। आम तौर पर नेता तभी भ्रष्टाचार करने में समर्थ होते हैं, जब उन्हें भ्रष्ट नौकरशाहों का साथ मिलता है।

# ऐतिहासिक घटनाएं

- 1997 – सिस्टर निर्मला का चयन नेता के रूप में ईन्डियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी में मदर टेरेसा द्वारा किया गया।
- 1999 – शेख़ हमाज बिन ईसा अल ख़लीफ़ा बहरीन के नये शासक बने, 23 वर्षों के अंतराल के बाद श्रीलंका सरकार ने हत्या एवं मादक द्रव्य तस्करी सदृश अपराधों के लिए मृत्युदंड की सज़ा पुन: बहाल करने का निश्चय किया।
- 2002 – राबर्ट मुगावे पुन: जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति निर्वाचित, पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ की जापान यात्रा प्रारम्भ, सी.टी.बी.टी. पर हस्ताक्षर के लिए समय मांगा।
- 2003 – इराक पर ब्रिटेन के प्रस्तावों को फ्ऱांस ने नामंजूर किया।
- 2008 – राज्यपाल ने खाद्य सुरक्षा और मानक संशोधन विधेयक, 2008 को पारित किया। 'हिन्दुस्तान टाइम्स' और पाकिस्तान के अखबार 'डॉन' को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुलिश सम्मान प्रदान किया गया।
नासा का अंतरिक्ष यान एंडेवर सकुशल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचा। सैक्स स्कैण्डल में फंसे न्यूयार्क के गवर्नर एलिमट स्पित्जर ने अपने पद से इस्तीफ़ा देने की घोषणा की।
- 2009 – सार्क साहित्योत्सव आगरा में शुरू हुआ।
- 2018 – छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के हमलें में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 9 जवानों की मौत।

## 13 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1899 – बुर्गुला रामकृष्ण राव, आंध्र प्रदेश के राजनैतिक नेता।
- 1971 – आत्मा रंजन , हिंदी के प्रसिद्ध कवि।
- 1980 – वरुण गांधी, एक युवा राजनेता।
- 1861 – चुनीलाल बसु – भारत के एक रसायनज्ञ, विज्ञानसाधक, चिकित्सक और देशप्रेमी थे।

## 13 मार्च को हुए निधन

- 1800 – नाना फड़नवीस, एक मराठा राजनेता।
- 1996 – शफ़ी ईनामदार, हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता।
- 2004 – विलायत ख़ाँ – भारत के प्रसिद्ध सितार वादक
- 2014 – एस. मल्लिकार्जुनैय्या – भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ थे।

## विशेष आलेख

# जलियांवाला बाग से कैक्सटन हॉल तक : शहीद-ए-आजम ऊधम सिंह की अमर गाथा।



सुनील कुमार महला

शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन दीपस्तंभों में से एक हैं, जिनका नाम साहस और अटूट संकल्प का प्रतीक है। दूसरे शब्दों में कहें तो उधम सिंह (राम मोहम्मद सिंह आजाद) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों में से एक थे। उनके बचपन का नाम शेर सिंह था तथा उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को सुनाम,जिला संगरूर,पंजाब में हुआ था।उनके पिता का नाम सरदार टहल सिंह था, जो रेलवे ओवरसियर (चौकीदार) के रूप में कार्य करते थे तथा उनकी माता का नाम नारायण कौर था। पाठकों को बताता चलूं कि बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया था, कहते हैं कि उनका पालन-पोषण अमृतसर के एक अनाथालय में हुआ था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार माता-पिता के साये के बिना, उन्हें और उनके बड़े भाई (मुक्ता सिंह) को अमृतसर के सेंट्रल खालसा अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा अनाथालय में ही रहकर पूरी की और वहीं से 1918 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुए भीषण जलियाँवाला बाग हत्याकांड ने उधमसिंह के जीवन की दिशा बदल दी। दरअसल, उस समय वे अमृतसर में ही थे, और कहा जाता है कि वे घायल लोगों को पानी पिला रहे थे। इस क्रूर घटना ने उनके मन पर बहुत ही गहरा प्रभाव डाला और उन्होंने इस नरसंहार का बदला लेने का संकल्प लिया। वे इस घटना के लिए पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओड्वायर को जिम्मेदार मानते थे।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड पृष्ठभूमि:** दरअसल, 1919 में ब्रिटिश सरकार ने रॉलेट अधिनियम-1919 (जिसे काला कानून भी कहा गया) पारित किया। इस कानून के तहत सरकार को यह अधिकार मिल गया था कि वह किसी भी व्यक्ति को बिना मुकदमा चलाए गिरफ्तार कर सकती थी। इस अन्यायपूर्ण कानून का पूरे देश में विरोध हुआ। इसी विरोध के दौरान अमृतसर के लोकप्रिय नेताओं सैफुद्दीन किचलू और सत्यपाल को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी रिहाई की मांग और रॉलेट एक्ट(अधिनियम) के विरोध में 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा आयोजित की गई।

**वैशाखी का दिन और विशाल भीड़:** 13 अप्रैल 1919 को वैशाखी का पर्व था। इसलिए लगभग 10,000 पुरुष, महिलाएँ और बच्चे जलियांवाला बाग में एकत्र हो गए थे। कई लोग राजनीतिक सभा के लिए आए थे, जबकि अनेक लोग केवल मेले के कारण वहाँ पहुँचे थे। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि उस समय जलियांवाला बाग कोई व्यवस्थित बगीचा नहीं था, बल्कि यह मकानों से घिरा एक बड़ा खाली मैदान था तथा वहाँ आने-जाने के लिए केवल एक संकरा प्रवेश मार्ग था और चारों ओर ऊँची दीवारें व मकान स्थित थे।जब इस विशाल सभा की सूचना ब्रिटिश अधिकारी रेजिनाल्ड डायर को मिली, तो वह लगभग 90 सैनिकों के साथ वहाँ पहुँचा। कहते हैं कि उसके साथ दो मशीनगनों से लैस बख्तरबंद गाड़ियाँ भी थीं, लेकिन बाग का रास्ता संकरा होने के कारण वे अंदर नहीं जा सकीं।


**गोलाबारी और भीषण नरसंहार:** जनरल डायर ने बिना किसी चेतावनी के सैनिकों को भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दे दिया। सैनिकों ने लगभग 10 मिनट तक लगातार गोलीबारी की और लगभग 1650 राउंड गोलियाँ चलाईं।गोलीबारी तब तक जारी रही जब तक गोला-बारूद लगभग समाप्त नहीं हो गया। चूँकि, सैनिकों ने सभी रास्तों को घेर लिया था, इसलिए लोग वहाँ से भाग नहीं सके और सैकड़ों लोग वहीं गिर पड़े। अपनी जान बचाने के लिए कई लोग बाग में स्थित एक कुएँ में कूद गए। बाद में उस कुएँ से 100 से अधिक शव निकाले गए। आज यह स्थान 'शहीदी कुआँ' के नाम से प्रसिद्ध है और वहाँ स्मारक के रूप में सुरक्षित रखा गया है।

**मृतकों की संख्या और अमानवीय दमन:** जलियांवाला बाग हत्याकांड में मृतकों की संख्या को लेकर विभिन्न आँकड़े मिलते हैं। ब्रिटिश सरकारी अभिलेखों के अनुसार 379 लोग मारे गए और लगभग 200 घायल हुए।अमृतसर डिप्टी कमिश्नर कार्यालय की सूची में 484 शहीदों का उल्लेख मिलता है। वहीं पर जलियांवाला बाग की सूची में 388 शहीदों का उल्लेख है।भारतीय अनौपचारिक आँकड़ों के अनुसार 1000 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 2000 घायल हुए। ब्रिटिश अभिलेखों के अनुसार मृतकों में 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक छह सप्ताह का शिशु शामिल था। कहते हैं कि इस घटना के बाद पूरे अमृतसर में कर्फ्यू लगा दिया गया था और घायलों को अस्पताल ले जाने तक की अनुमति भी नहीं दी गई। परिणामस्वरूप, कई लोग रातभर तड़पते हुए दम तोड़ बैठे। नरसंहार के बाद अमृतसर में 'मार्शल लॉ' लागू कर दिया गया था और लोगों के आवागमन तथा संचार पर कड़ी पाबंदियाँ लगा दी गईं। वास्तव में, डायर ने शहर में कई कठोर आदेश लागू किए। इनमें सबसे कुख्यात था 'क्रॉलिंग ऑर्डर', जिसके तहत जिस गली में एक अंग्रेज महिला पर हमला हुआ था, वहाँ से गुजरने वाले भारतीयों को पेट के बल रेंगकर (क्रॉलिंग करते हुए) जाने के लिए मजबूर किया जाता था। इसके अतिरिक्त, कई स्थानों पर लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े भी लगाए गए।

**ऊधम सिंह का प्रतिशोध:** जलियांवाला बाग की इस घटना ने ऊधम सिंह के मन में प्रतिशोध की तीव्र भावना उत्पन्न कर दी। अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए वे कई वर्षों तक अवसर की प्रतीक्षा करते रहे। दरअसल, उधम सिंह ने लगभग 21 साल तक धैर्य और संकल्प के साथ प्रतीक्षा की और अंततः अपने देशवासियों के लिए न्याय का प्रतीक बन गए। कहते हैं कि इस दौरान उन्होंने अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप जैसे देशों की यात्राएँ भी कीं और विभिन्न क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े रहे। सरल शब्दों में कहें तो अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए वे विभिन्न देशों (जैसे अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप) की यात्रा करते हुए 1934 में लंदन पहुँचे और वहां उन्होंने 'राम मोहम्मद सिंह आजाद' नाम अपनाया, जो भारत की सांप्रदायिक एकता का प्रतीक था। सरदार उधमसिंह,भगतसिंह को वे अपना गुरू मानते थे। यहां पाठकों को बताता चलूं कि उधम सिंह, शहीद भगत सिंह से उम्र में बड़े थे, फिर भी वे उन्हें अपना 'गुरु' और मार्गदर्शक मानते थे।1927 में जब वे भगत सिंह के कहने पर वापस भारत आए, तो उनके पास भारी मात्रा में हथियार और प्रतिबंधित साहित्य मिला, जिसके कारण उन्हें 5 साल की जेल हुई। उनकी जेब में हमेशा भगत सिंह की एक तस्वीर रहती थी। इसके अलावा, उधमसिंह का गदर पार्टी (अमेरिका में सदस्य बनें) से सक्रिय जुड़ाव रहा।

**ये लेखक के अपने निजी चिार हैं।**

# विरार ही नहीं देश में कई शहरों में हो रही दवाइयों में हेरा फेरी



अशोक भाटिया

देशभर में एक बार फिर से दवाओं में मिलावट और औषधि बनाने वाली फार्मास्यूटिकल कम्पनियों की मुनाफाखोरी की कीमत एक्सपायर डेट वाली दवाओं के उपयोग से मासूम जिन्दगियों द्वारा चुकायी गई है। हाल ही में मुंबई से सटे वसई – विरार में महानगर पालिका के पेटिट अस्पताल में एक्सपायर डेट वाली दवाओं का खजाना पकड़ा गया है। इस मामले को भाजपा के नव निर्वाचित नगरसेवक व गट नेता अशोक शेलके के नेतृत्व में भाजपा के नगर सेवकों ने किया है । महाराट्र प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फणनवीस से इस कोभांड के जाँच के आदेश भी दे दिए है । मुंबई से सटे शहर में ऐसा हो सकता है तो दूसरे शहरों के बारे में क्या कहें । एक दूसरे घटनाक्रम में मध्य प्रदेश के परासिया में कोल्ड्रिफ नामक सिरप के सेवन से 20 बच्चों की मौत हो गयी, जबकि 10 से अधिक बच्चे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं यह बात अभी तक लोग भूले नहीं है। यह सिरप श्रीसन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित था। इसी प्रकार राजस्थान में कैसन्स फार्मा द्वारा तैयार खाँसी के सिरप के सेवन से 12 बच्चों की जान चली गयी। मध्यप्रदेश के ही ग्वालियर ज़िले में दूषित खाँसी के सिरप से हुई बच्चों की मौतों के मामले के ठीक कुछ दिन बाद ही एक सरकारी अस्पताल में सरकार द्वारा आपूर्ति की गयी एजिथ्रोमाइसिन सिरप की बोतल में कीड़े पाये जाने की घटना सामने आयी है। एक महिला ने शिकायत की कि जब उसने अपने बच्चे को देने के लिए सिरप की बोतल खोली, तो उसमें कीड़े दिखायी दिये। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने इस दवा के पूरे बैच (लगभग 306 बोतलों) को सील कर दिया और नमूने भोपाल व कोलकाता की प्रयोगशालाओं में परीक्षण हेतु भेजे गये। इन सभी हादसों ने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं। इसके साथ ही ये घटनाएँ इस बात का भी प्रमाण हैं कि दवा उद्योग में मुनाफाखोरी और सरकार की मिलीभगत का ख़ामियाज़ा किस प्रकार सीधे तौर पर आम जनता को अपनी जिन्दगी से भरना पड़ता है।

बात अगर जहरीली दवाओं की की जाये तो हमें यह समझना होगा कि एक सामान्य-सी दिखने वाली दवा कैसे इतनी घातक बन जाती है। दरअसल प्रत्येक दवा दो प्रकार की चीज़ों को मिलाकर बनती है – पहला उसके सक्रिय तत्व, जो बीमारी का उपचार करते हैं, और दूसरे उसके सहायक तत्व, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि दवा शरीर के उचित हिस्से तक पहुँचे। इसलिए किसी भी औषधि को सुरक्षित घोषित करने से पहले उस पर अनेक प्रकार के परीक्षण किये जाने आवश्यक होते हैं। सिरपों में प्राय: ग्लिसरीन और प्रोपिलीन ग्लाइकोल को सुरक्षित सहायक तत्व के रूप में उपयोग किया जाता है, लेकिन अक्सर पाया गया है कि लागत घटाने के उद्देश्य से कई कम्पनियाँ इनकी जगह सस्ते में उपलब्ध डाइएथिलीन ग्लाइकोल का प्रयोग करती हैं जो कि एक विषैला औद्योगिक सॉल्वेंट है। डेग का सम्मिलन दवाओं को घातक बना देता है, क्योंकि यह एक ऐसा पदार्थ है जोकि लिवर, दिमाग़ और दिमाग़ की कोशिकाओं को गम्भीर रूप से नुकसान पहुँचा सकता है और इसलिए अन्त में जान बचाने वाली दवा ही मरीज़ की मृत्यु का कारण बन जाती है।

दुर्भाग्यवश, यह समस्या नयी नहीं है। भारत ही नहीं विश्व के कई देशों में डाइएथिलीन ग्लाइकोल के कारण सैकड़ों बच्चों की मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। कई फ़ार्मा कम्पनियों के द्वारा लगातार की जा रही इस प्रकार की मिलावट की वजह से हाल के वर्षों में भारतीय कम्पनियों द्वारा निर्मित और

## लघुकथा

### भाई

सुबह-सुबह लीला जब जॉगिंग करके घर में दाखिल हुई तो उसने पति लीलेश को फोन पर बात करते हुए देखा। पति के फोन काटते ही लीला ने बातचीत का सार तत्व समझ व्यंग्य बाण छोड़ा, 'लगता है कि तुम्हारे भाई भरत का फोन था? फिर पैसे की मांग की गई है न? '

लीलेश ने बात न बढ़ाने की गरज से शाब्दिक मितव्ययिता अपनाते हुए कहा, 'हॉं। '

लीला ने पति को अर्थशास्त्र समझाते हुए कहा, 'न जाने तुम कब समझोगे। अपने दोनों बेटों की भी चिंता किया करो। भाई को कब तक लादे फिरोगे। जब से आई हूँ तब से तुम्हारी यही हरकत देख रही हूँ। अरे, कभी शादी-विवाह पड़ा या कोई पर्व-त्योहार हुआ तो कुछ रुपए-पैसे आदमी दे देता है। इसके आगे का भाईचारा ठीक नहीं है। '

लीलेश पत्नी की बातों को अनसुना करते हुए बाहर निकल गया।

लीला ने पति पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत अपने बेटे रुद्रांश से एक दिन कहा, 'बेटा, मैं तो तुम्हारे पापा को समझाते-समझाते थक गई हूँ। अभी गांव से उनके भाई का फोन आया है कि आलू की फसल को पाला मार गया है। पैसे की दरकार है। अगर तुम्हारे पापा इसी तरह भामा शाह बने रहे तो तुम लोगों के लिए कुछ नहीं बचेगा। थोड़ा तुम भी उन्हें समझाओ न। शायद तुम्हारी बातों का उनपर कुछ असर हो जाए। '

रुद्रांश ने लीला से कहा, 'मॉं, काका ने पापा के लिए बहुत कुछ किया है। उन्हीं की बदौलत पापा की पढ़ाई-लिखाई हुई तथा नौकरी लगी। जिस किसी सामान पर भी तुम हाथ रख देती हो पापा उसे खरीदवाते जरूर हैं। हम दोनों भाइयों की भी हर फरमाइश पूरी करते रहे हैं। वो कमाते हैं। अगर उसमें से कुछ अपने भाई के ऊपर खर्च कर भी देते हैं तो क्या बिगड़ जाता है? मैं उनका हाथ पकड़ने तो नहीं जाऊंगा। '

लीला पर बातों का असर न पड़ता देख रुद्रांश ने माँ की ममता का छोर टटोलते हुए कहा,

'माँ, यदि मैं अपने भाई रुद्राक्ष की मदद करूं तो तुम बुरा मानोगी क्या? '

## हेल्थ टिप्स

# जाने प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के फायदे और नुकसान

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। ऐसे में, शरीर को हेल्दी रखने के लिए स्वस्थ और संतुलित खानपान की जरूरत होती है। प्रेग्नेंसी के दौरान गर्भवती महिला जो कुछ भी खाती-पीती है, उसका असर उसके साथ-साथ शिशु की सेहत पर भी पड़ता है। ऐसे में, प्रेग्नेंसी में गर्भवती महिलाओं को कुछ चीजों को खाने और कुछ चीजों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। दरअसल, कई बार गर्भवती महिलाएं कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेती हैं, जिससे उनकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसी ही एक चीज है कटहल, जिसे लेकर लोगों की अलग-अलग राय है। अक्सर कई लोगों के मन में इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना सुरक्षित है या नहीं? तो आइए, डाइट्रीफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवनन से जानते हैं कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

### प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

डायटीशियन अबर्ना माथीवनन के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन इसका सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। कटहल में ऐसे कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो मां और गर्भस्थ शिशु की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। हालांकि, इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। साथ ही, कटहल को बहुत ज्यादा पकाकर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

### कटहल खाने के फायदे

कटहल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें जिंक, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, बीटा-कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है और पेट से जुड़ी दिक्कतें कम हो सकती हैं। इसके अलावा, इसके सेवन से ब्लड प्रेशर नॉर्मल रहता है और हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। कटहल में मौजूद पोषक तत्व शिशु के सही विकास में भी मददगार हो सकते हैं।

### कटहल खाने के नुकसान

हालांकि कटहल के कई फायदे हैं, लेकिन इसका अधिक मात्रा में सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए कुछ समस्याएं भी पैदा कर सकता है। ज्यादा मात्रा में कटहल खाने से गर्भवती महिला का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। इसलिए जिन महिलाओं को जेस्टेशनल डायबिटीज है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, कटहल का ज्यादा सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। कुछ महिलाओं को इसका सेवन करने से एलर्जी भी हो सकती है। इसलिए संतुलित मात्रा में ही इसका सेवन करना बेहतर होता है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपको अपनी सेहत पर थोड़ा अधिक ध्यान देने की सलाह दे रहा है, क्योंकि किसी पुरानी बीमारी के दोबारा उभरने की संभावना बन सकती है। ऐसे में लापरवाही बिल्कुल न करें और समय पर आराम भी लें। भाई-बहनों का सहयोग आपको पूरा मिलेगा, जिससे कई रुके हुए काम भी धीरे-धीरे पटरी पर आते दिखाई देंगे। यदि लंबे समय से कोई परेशानी आपको परेशान कर रही थी।

**वृष**
आज का दिन आपको अपने व्यवहार और वाणी पर संयम रखने की सलाह दे रहा है। किसी से भी बात करते समय शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करें, क्योंकि छोटी-सी बात भी बड़ा विवाद बन सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। लंबे समय बाद किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की संभावना है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

**कर्क**
आज का दिन आपको धैर्य और समझदारी के साथ काम लेने की सलाह दे रहा है। आपका गुस्सैल स्वभाव आपको अनावश्यक विवादों में डाल सकता है, इसलिए अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी होगा।

**सिंह**
आज आप दोस्तों के साथ कुछ समय हंसी-मजाक और मौज-मस्ती में बिताएंगे, जिससे पुरानी यादें भी ताजा हो सकती हैं। अपनी आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए कुछ नया और रचनात्मक करने का अवसर लेकर आ सकता है। आपके मन में काम को लेकर कई नए विचार आएंगे, जिन्हें यदि आप अपने व्यवसाय या कार्य में लागू करें तो अच्छा लाभ मिल सकता है।

**तुला**
आज आपको वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। यदि किसी काम को लेकर आप लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो आज उसके पूरा होने के संकेत मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन सामान्य रूप से बीतेगा, लेकिन सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है। दूर रह रहे किसी परिजन से निराशाजनक खबर मिलने की संभावना भी बन रही है।

**धनु**
आज यदि कामकाज को लेकर कुछ परेशानियां चल रही थीं, तो उनके दूर होने के संकेत मिल रहे हैं। अपनी मेहनत और लगन के बल पर आप एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए धन और समृद्धि में वृद्धि का संकेत दे रहा है। कहीं यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सामान्य से मध्यम फल देने वाला रहेगा। यदि जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद चल रहा था, तो आज वह दूर हो सकता है और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी।

**मीन**
आज आप अपनी जरूरतों को पूरा करने में अच्छा-खासा खर्च कर सकते हैं। आपका मनमौजी स्वभाव कभी-कभी परिवार के सदस्यों के साथ वाद-विवाद का कारण भी बन सकता है, इसलिए थोड़ा संयम रखना जरूरी होगा।

# अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

## देश व समाज में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की मांगी दुआएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को महानगर में अलविदा की नमाज पूरे अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई। नमाजियों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचकर अल्लाह की इबादत की और देश व समाज में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगीं। अलविदा जुमा के मौके पर शहर की प्रमुख मस्जिदों में विशेष रौनक देखने को मिली। जामा मस्जिद सहित शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की गई। रमजान के आखिरी जुमा को इस्लाम धर्म में विशेष महत्व दिया जाता है। इसी कारण अलविदा की नमाज में शामिल होने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। नमाज से पहले इमामों ने अपने खुत्बे में रमजान के महीने की फजीलत और अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है, जिसमें मुसलमान रोजा रखकर, नमाज अदा कर और जरूरतमंदों की मदद कर अल्लाह की इबादत करते हैं। उलेमाओं ने लोगों से अपील की कि वे रमजान के महीने में किए गए अच्छे कार्यों और नेक अमल को आगे भी जारी रखें। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि इंसान को हमेशा सच्चाई और इंसानियत के रास्ते पर चलना चाहिए। नमाज के दौरान नमाजियों ने देश में शांति, भाईचारा और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। इसके अलावा समाज में सुख-समृद्धि और सभी लोगों की सलामती की भी दुआ की गई। अलविदा की नमाज को देखते हुए प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर की प्रमुख मस्जिदों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे, जिससे कहीं भी कोई अव्यवस्था की स्थिति पैदा न हो। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पूरे शहर में अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण और सकुशल तरीके से संपन्न हुई।

### सपा जिलाध्यक्ष ने दी अलविदा की मुबारकबाद

**शाहजहांपुर।** महानगर की जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन जनाब तनवीर खान ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन तथा जनपद शाहजहांपुर की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। नमाज के बाद सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने शहर के पेश इमाम जनाब हुजूर अहमद मंजरी साहब से मुलाकात कर दुआ सलाम की और आपसी सौहार्द व भाईचारे पर चर्चा की। इस अवसर पर मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की और मुल्क में शांति, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ की।

# सपा कार्यालय में मनाई गई शिवदयाल सिंह चैरसिया की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल सिंह चैरसिया की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने शिवदयाल सिंह चैरसिया के सामाजिक और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद के सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन के इतिहास में कई ऐसे व्यक्तित्व हुए हैं, जिन्होंने वंचित समाज के बीच रहकर सामाजिक समानता और न्याय के लिए संघर्ष किया। शिवदयाल सिंह चैरसिया भी ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने बहुजन समाज के अधिकारों के लिए जीवनभर कार्य किया। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि शिवदयाल सिंह चैरसिया केवल एक सफल वकील या सांसद ही नहीं थे, बल्कि एक विचार और आंदोलन के प्रतीक थे। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि शिवदयाल सिंह चैरसिया का जन्म 13 मार्च 1903 को लखनऊ जनपद के ग्राम खरिका (वर्तमान तेलीबाग) में हुआ था। उन्होंने समाज में समानता और अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू, सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नेता दोद राम वर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हाफिज अंसारी, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आकाश यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूपी एसआई परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट एसपी ने पुलिसकर्मियों को दिए कड़े निर्देश



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** आगामी यूपी एसआई परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से कराने के लिए जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी के तहत गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ब्रीफिंग की। ब्रीफिंग के दौरान एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। एसपी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। केंद्रों के आसपास भीड़ इकट्ठा नहीं होने दी जाएगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रखी जाएगी। किसी भी तरह की अफवाह या गड़बड़ी की सूचना मिलने पर तुरंत उच्च अधिकारियों को जानकारी देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों से पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपील की, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। इस दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन का रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की टीम ने असर परखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जल जीवन मिशन के तहत चल रही योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली की टीम ने जिले के तीन गांवों में सर्वे किया। टीम ने विकास खंड तिलहर के ढकिया राधा तथा विकास खंड सिंधौली के बचैरी और महाऊ दुर्ग गांवों में पहुंचकर ह्यहर घर नलहहर घर जलह्ण योजना के प्रभाव का अध्ययन किया। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) ने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम ने गांवों में पहुंचकर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों से भी बातचीत कर योजना से मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली गई। सोशल वर्क विभाग के करीब 25 छात्रों ने गांवों में घर-घर जाकर लोगों से



बातचीत की। उन्होंने पेयजल सुविधा शुरू होने के बाद लोगों के जीवन में आए बदलाव, स्वास्थ्य स्थिति, सामाजिक व्यवहार, रोजगार के अवसर, शिक्षा और महिलाओं की स्थिति पर पड़ रहे प्रभाव के बारे में जानकारी जुटाई। निरीक्षण के दौरान तीनों गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित पाई गई। इस दौरान जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियंता पंकज गंगवार, दर्शन लाल, जूनियर इंजीनियर चैतन मिश्र, जिला समन्वयक दीपेन्द्र सिंह, आईएसएध्आईईसी कोऑर्डिनेटर स्वपनिल मिश्रा, सीबी एंड टी कोऑर्डिनेटर परवेज गंगवार सहित एनसीसीसी लिमिटेड के जेजीएम कृष्णम राजू मौजूद रहे।

# मुरादाबाद में आलू सम्मेलन, जनपद के दो प्रगतिशील किसान सम्मानित



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मुरादाबाद के सर्किट हाउस में आलू उत्पादक किसानों के हित में आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने की। सम्मेलन में आलू की उपज के उचित भंडारण, किसानों को बेहतर बाजार मूल्य दिलाने तथा विपणन व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर किसानों, व्यापारियों, शीतगृह स्वामियों और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान जनपद के प्रगतिशील आलू किसान हिम्मत सिंह (निवासी पुवायां) तथा कमलजीत कौर (निवासी पुवायां) को आलू उत्पादन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक तथा प्रभारी शीतगृह गोविंद नारायण मिश्रा सहित बरेली, मुरादाबाद और सहारनपुर मंडल के उद्यान विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में किसानों को आलू के बेहतर भंडारण, उचित मूल्य प्राप्त करने और विपणन के बेहतर अवसरों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# माय भारत स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं और आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से माय भारत के तहत ह्लसड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माय भारत कार्यालय में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (एआरटीओ) और ट्रैफिक पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सीओ यातायात संजय कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, संभागीय निरीक्षक विकास यादव, माल एवं कर अधिकारी आर.पी. गौतम और टीएसआई विनय पांडेय ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों और सुरक्षित यातायात व्यवहार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटनाओं से बचाव, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा ओवरस्पीडिंग के नुकसान के बारे में भी विस्तार से बताया। इस दौरान स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा किट, रिफ्लेक्टर जैकेट, हेलमेट, टॉर्च, ट्रैफिक बटन सहित अन्य आवश्यक उपकरण और प्रमाण पत्र भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में मदद मिल सकती है। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों को दुर्घटना स्थल अध्ययन के तहत नगरिया मोड़ सहित अन्य ब्लैक स्पॉट का भ्रमण कराया गया। वहां उन्हें सड़क पर आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, वैष्णवी सक्सेना, रुद्र प्रताप, देवेश कुमार, सूरज शर्मा, नीतीश यादव, मोहम्मद अमन, हिमांशु सक्सेना, अनूप कुमार, रामबहोरे, साहिल खान सहित माय भारत के स्वयंसेवक तथा एआरटीओ कार्यालय और ट्रैफिक पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आरटीई के तहत छात्रों की धनराशि भेजने में आ रही दिक्कत

**शाहजहांपुर।** निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत सत्र 2025-26 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की धनराशि भेजने की प्रक्रिया में बैंक विवरण अपूर्ण और अपठनीय होने के कारण समस्या आ रही है। अधिकारियों ने बताया कि कई विद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराई गई बैंक पासबुक में प्रबंधक, प्रधानाध्यापक या अभिभावकों की ओर से दिए गए विवरण स्पष्ट नहीं हैं, जिससे छात्रों के खातों में धनराशि भेजने में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में सभी संबंधित विद्यालयों से अनुरोध किया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर सही और स्पष्ट बैंक विवरण उपलब्ध कराएं, ताकि छात्रों या अभिभावकों के सही खातों में धनराशि भेजी जा सके। अधिक जानकारी के लिए सतीश कुमार कनौजिया, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) से कार्यालय में संपर्क कर समन्वय स्थापित किया जा सकता है।

# गैस संकट के बीच रेलवे की नई व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण रसोई गैस की आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ने लगा है, जिसका प्रभाव रेलवे कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी पड़ा है। मुरादाबाद डिवीजन के कई रेलवे रेस्ट हाउसों में पहले भोजन गैस सिलेंडर पर बनाया जाता था, लेकिन गैस संकट के चलते व्यवस्था में बदलाव करना पड़ा।

मुरादाबाद डिवीजन के रोजा जंक्शन, बरेली, बालामऊ, सीतापुर, चंदौसी, मुरादाबाद, हरिद्वार, देहरादून, सहारनपुर और आलमनगर में लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर और ट्रेन टिकट एग्जामिनर के ठहरने के लिए रेलवे के रेस्ट हाउस बने हुए हैं। यहां रेलवे प्रशासन की ओर से कर्मचारियों के रहने और भोजन की व्यवस्था की जाती है। पहले इन रेस्ट हाउसों में गैस सिलेंडर पर खाना बनता था और कई बार कर्मचारी अपने मनपसंद का राशन देकर अपनी पसंद का भोजन बनवा लेते थे। गैस संकट के कारण कई जगह मनपसंद खाना बनना बंद हो गया और ठेकेदार के जरिए तैयार भोजन ही कर्मचारियों को दिया जाने लगा। भोजन की गुणवत्ता को लेकर लोको पायलटों और ट्रेन मैनेजरों ने शिकायत की थी। इसके बाद रेलवे प्रशासन ने रेस्ट हाउसों में नई व्यवस्था शुरू करते हुए इंडक्शन चूल्हे, रोटी मेकर और नए बर्तन उपलब्ध करा दिए हैं, ताकि कर्मचारी खुद अपनी पसंद का भोजन बना सकें। लोको निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि रोजा जंक्शन के लोको पायलट रेस्ट हाउस में दो इंडक्शन चूल्हे और एक रोटी मेकर लगाया गया है, जबकि ट्रेन मैनेजर रेस्ट हाउस में एक इंडक्शन और एक रोटी मेकर लगाया गया है। इससे लोको पायलट और ट्रेन मैनेजरों को अब बेहतर और गुणवत्ता वाला भोजन मिल सकेगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 169 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पुवायां के सूरज मैरिज लॉन में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 169 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिनमें 164 हिंदू और 5 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम में पुवायां विधायक चेतराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, क्षेत्र पंचायत बण्डा, पुवायां, खुटार व सिंधौली के अध्यक्ष तथा पुवायां, बण्डा और खुटार नगर पंचायतों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंच संचालन इंदु अजनबी ने किया। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड विकास अधिकारी पुवायां, खुटार, बण्डा व सिंधौली, नगर पालिका परिषद पुवायां और नगर पंचायत बण्डा व खुटार के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सहयोग किया। इसके अलावा जिला समाज कल्याण कार्यालय के नरेन्द्र देव, श्रवण सिंह राना, रणवीर सिंह, तुषार, सुधीर पाल और प्रशांत सहित अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# बुजुर्ग से मारपीट, बीच सड़क बनवाया मुर्गा वीडियो वायरल



**शाहजहांपुर।** जिले के पुवायां थाना क्षेत्र के नाहिल गांव में एक बुजुर्ग के साथ दबंगों द्वारा मारपीट और अपमानजनक व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि दबंगों ने बुजुर्ग को बीच सड़क पर मुर्गा बना दिया और उनसे अपने पैर पर सिर रखवाया। इस दौरान बुजुर्ग को धमकाया भी गया। जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग ने थाने में बंद कुछ युवकों को खाना दे दिया था। इसी बात को लेकर वादी पक्ष के कुछ लोग नाराज हो गए और उन्होंने बुजुर्ग को पकड़कर सड़क पर ही अपमानित किया। यह वीडियो पुवायां थाना क्षेत्र के नाहिल गांव का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो कब का है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। फिलहाल वीडियो सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अवैध खनन पर कार्रवाई, नायब तहसीलदार ने पकड़ा मिट्टी भरा डंपर

- जिला खनन अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण, क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर बढ़ा विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**तिलहर (शाहजहांपुर)।** तहसील क्षेत्र में मिट्टी और रेत के अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। एसडीएम सदानंद सरोज के निर्देश पर नायब तहसीलदार मनु माथुर ने राजस्व टीम के साथ देर रात कार्रवाई करते हुए अवैध मिट्टी खनन में लगे एक डंपर को पकड़ लिया। बाद में डंपर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे नायब तहसीलदार मनु माथुर अपनी टीम के साथ क्षेत्र में जांच के लिए निकले थे। इसी दौरान बंधा गांव की ओर से आ रहा मिट्टी से भरा एक डंपर ब्लॉक रोड पर पकड़ा गया। पूछताछ में डंपर चालक की ओर से बताया गया कि यह मिट्टी भट्टे की परमिशन से लाई जा रही है। हालांकि जब संबंधित प्रपत्रों की जांच की गई तो मामला संदिग्ध पाया गया। इसके बाद डंपर को कब्जे में लेकर रात करीब 12रू50 बजे थाने में खड़ा करा दिया गया। गुरुवार को डंपर स्वामी की ओर से जिला खनन अधिकारी द्वारा जारी परमिशन के कागजात दिखाए गए। कागजात की पुष्टि के लिए जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार भी नायब तहसीलदार मनु माथुर के साथ गांव पिथनापुर स्थित उस स्थान पर पहुंचे, जहां से मिट्टी की खुदाई किए जाने का दावा किया गया था। मौके पर पहुंचकर जब टीम ने संबंधित खेत स्वामी से पूछताछ की तो उसने अपनी जमीन से मिट्टी की बिक्री करने से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उसने इस संबंध में लिखित बयान भी प्रशासनिक टीम को दिया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि बताए गए गाटा संख्या वाले खेत से किसी प्रकार की मिट्टी की खुदाई नहीं की गई है। इससे स्पष्ट हुआ कि प्रस्तुत किए गए कागजात सही नहीं हैं। इधर, बीते एक सप्ताह से गांव शिवदासपुर क्षेत्र में एक खेत से जेसीबी मशीन के जरिए अवैध खनन किए जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदानंद सरोज ने स्थलीय निरीक्षण के लिए टीम भेजी है, ताकि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

क्षेत्र के बंधा रोड, राजनपुर रोड, गैसरा रोड और बिलहरी हरभानपुर इलाके में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया बेखौफ होकर धड़ल्ले से मिट्टी और रेत का खनन कर रहे हैं। लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि खनन से जुड़े अलग-अलग समूहों के बीच वर्चस्व को लेकर टकराव की स्थिति बनी हुई है। यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं की गई तो यह विवाद आगे चलकर गंभीर रूप ले सकता है। फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अवैध खनन पर कार्रवाई की बात कही है।

# मेडिकल कॉलेज की सड़क खून से लाल, परिजनों की गोद में मरीज, नियमों के नाम पर गुमराह करते रहे सीएमएस

- सीएमएस की कार्यशैली पर शासन को पत्र जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं वहां के स्ट्रेचर पर दम तोड़ रहीं हैं। सीएमएस भी झूठे नियमों का हवाला देकर पीड़ित के साथ बदसलूकी करते रहें। पीड़ित को खून की उल्टियों के साथ उसके परिजन गोद में उठाए दर-दर भटकते रहें।

गुरुवार की रात जहानाबाद क्षेत्र के जतीपुर गांव में दो पक्षों में विवाद हुआ था। देर शाम होते ही विवाद इतना बढ़ गया कि मुस्लिम समुदाय की ओर से एक व्यक्ति को बुरी तरह पीटा गया। युवक इतना गंभीर घायल हो गया कि उसके मुंह से खून की उल्टी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। जब उसके परिजन उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज की इमर्जेंसी में लेकर पहुंचे तो वहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एसपी सिंह उन्हें नियमों का पाठ पढ़ाने लगें। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएस रमाकांत सागर मौके पर पहुंचे और मरीज के उपचार के लिए पुलिस प्रक्रिया की मांग करने लगे। रमाकांत सागर ने इस दौरान कहा कि जब तक पुलिस का कोई सिपाही या होमगार्ड पीड़ित के साथ नहीं आएगा तब तक इसका उपचार हम नहीं करेंगे। मरीज की हालत बिगड़ती देख उसके परिजन उसे अपनी निजी गाड़ी से एक निजी अस्पताल ले गए। इस दौरान हिंदू संगठन के कुछ लोग भी मौके पर पहुंचे तो सीएमएस रमाकांत सागर उन्हें भी गुमराह करते हुए नियम कायदे समझाते रहे।



खून से सनी मेडिकल कॉलेज की सड़क, ज्ञापन देते हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता

सीएमएस का कहना था कि कप्तान साहब के आदेश है कि किसी भी मारपीट की घटना के पीड़ित का उपचार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक उस साथ कोई पुलिस कर्मी मौजूद नहीं हों। सीएमएस की इस कार्यशैली से नाराज हिंदू संगठन के नेताओं ने शुक्रवार को ज्ञापन देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा से उन्हें पद से हटाने के मांग करी हैं। सीएमओ ने भी इस प्रकरण पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए शासन को पत्र लिख दिया हैं। इस दौरान सीओ सदर नताशा गोयल, कोतवाल शहर सतेंद्र कुमार, कोतवाल सुनगढ़ी नरेश त्यागी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।



**मेरे द्वारा जब रमाकांत सागर जो सीएमएस है उन्हें फोन किया गया तो उन्होंने हमे गुमराह करने की कोई कसर नहीं छोड़ी, सीएमओ को ज्ञापन दिया है और सीएमएस को पद से हटाने की मांग करी हैं।**

अमित गुप्ता
जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय हनुमान दल



**इस पूरे प्रकरण में पुलिस की कार्यशैली बहुत ही अच्छी रही, अगर पुलिस का यह सकारात्मक व्यवहार नहीं होता तो शायद उस पीड़ित को कोई उपचार ही नहीं मिल पाता।**

जगदीश सक्सेना
हिंदूवादी नेता

मेरा तो कोई ऐसा आदेश जारी है ही नहीं, हर पीड़ित को प्राथमिक उपचार मिलना चाहिए चाहें कोई भी घटना हो

सुकीर्ति माधव मिश्रा
पुलिस अधीक्षक

सीएमएस रमाकांत ने न सिर्फ शासन के नियमों की अवहेलना करी है बल्कि उनकी ओर से मानवाधिकारों का भी हनन किया गया है, मैंने इस कार्यशैली पर शासन को पत्र जारी कर दिया है।

आलोक शर्मा
मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## घुंघचाई में पिकअप की टक्कर में बाइक चालक की मौत, महिला और तीन बच्चों की हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार को सूना कर दिया। रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार युवक की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में तीन छोटे बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनपुर जपती के रहने वाले मुकेश (25 वर्ष) पुत्र सीताराम शुक्रवार को अपनी साली आरती (पत्नी दिनेश), 3 वर्षीय बेटी आरोही, बेटे कृष्णा और भांजे दुर्वेश (पुत्र दिनेश) के साथ बाइक से रिश्तेदारी में बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव न्यूरापुर जा रहे थे।पूरनपुर-मैगलगंज हाईवे पर घुंघचाई गांव से पहले अनियंत्रित गति से आ रही एक पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मुकेश और आरती सहित तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बच्ची आरोही, कृष्णा और दुर्वेश की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर कर दिया गया। घायलों का इलाज चल रहा है।हादसे की जानकारी पर सीओ डॉ. प्रतीक दहिया अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मुकेश का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिकअप चालक के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है, पुलिस जांच में जुटी हुई है।यह हादसा तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग की वजह से हुआ माना जा रहा है। स्थानीय लोग सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिवार अब सदमे में है, जबकि घायल बच्चों के स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

## अलविदा जुमा की नमाज को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनाती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** रमजानुल मुबारक के आखिरी जुमे यानी जुमातुल विदा (अलविदा जुमा) की नमाज के मद्देनजर शहर की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने आज स्थलीय निरीक्षण किया।दोनों अधिकारियों ने मस्जिद परिसर, आसपास की गलियों और मुख्य प्रवेश द्वारों का जायजा लिया।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि नमाज के दौरान किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि पर सख्त नजर रखी जाए और श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ अमन-चैन बनाए रखा जाए।जुमातुल विदा की नमाज के समय जामा मस्जिद के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पीएसी की टीमें, महिला पुलिसकर्मी और स्थानीय थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद रहे। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है और ड्रोन/सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है, जैसा कि पिछले वर्षों में भी प्रचलित रहा है।प्रशासन का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हजारों नमाजियों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से इबादत पूरी हो और ईद-उल-फितर की तैयारियां भी सुखद माहौल में हो सकें। नमाज के बाद नमाजियों ने अमन-ओ-अमान, मुल्क की तरक्की और समृद्धि की दुआएं मांगीं।प्रशासन ने सभी से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी अफवाह से बचें। जिला प्रशासन ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं और कोई चूक नहीं बरती जाएगी।



अलविदा नवाज के दौरान निरीक्षण करते जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव

## ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाचार्यों के लिए आयोजित की गयी उनमुखी कार्यशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अमरिया ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों एवं परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह उर्फ श्याम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षण कार्य किया जा रहा है, जिससे बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ी है। बच्चे विभिन्न तरीकों से पढ़ना-लिखना सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह थे।उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की एक बैठक में निर्देश दिया गया था कि परिषदीय विद्यालयों का कोई भी बच्चा चटाई पर बैठकर शिक्षा ग्रहण न करे। उसी क्रम में कई विद्यालयों में बच्चों को फर्नीचर उपलब्ध कराया गया, जिससे बच्चे काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि कायाकल्प योजना के अंतर्गत जिन विद्यालयों में कार्य अधूरा है, उन्हें भी जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्राम कैमा के ग्राम प्रधान जरनैल सिंह ने कहा कि बच्चों की शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा ही बच्चों को आगे बढ़ने का प्रयास करती है।, इसलिए सभी को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

खंड शिक्षा अधिकारी उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने बताया कि कायाकल्प योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधानों द्वारा कई विद्यालयों में सराहनीय कार्य किए गए हैं।विद्यालय निजी स्कूलों की तरह विकसित होते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरे वातावरण में पढ़ने से बच्चों में भी उत्साह बढ़ता है। जिन विद्यालयों में बाउंड्री वॉल नहीं है, उनके निर्माण के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विकास क्षेत्र अमरिया के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत इंस्पायर अवार्ड विजेता छात्र-छात्राओं–सुशांत, प्रवेश कुमारी, राजवती, राधा देवी, कृष्ण पाल शर्मा, योगेश, नोमान रजा और अंशिका सहित कुल आठ बच्चों को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही कायाकल्प योजना के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रधानाध्यापकों में महनाज बी, राजेश कुमार मिश्रा, सौरभ गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, फिरोज आलम, मोहम्मद शहरोज, छत्रपाल आर्य, मोहम्मद अथर, प्रेम सिंह एवं मलकीत सिंह शामिल रहे।इस अवसर पर कुछ ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवीन कुमार शुक्ला एवं खेमपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर राजेश कुमार मिश्रा, आलोक कुमार जायसवाल, शिशुपाल सिंह, मोहम्मद अकरम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



कार्यशाला के दौरान छात्र को प्रमाण पत्र देते ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह उर्फ श्याम सिंह

## जिलाधिकारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध और प्रवर्तन कार्यवाही पर ली बैठक

**पीलीभीत।** गाँधी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समित एवं गंगा समिति की बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध, उस पर हुई कार्यवाही एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट के निस्तारण पर चर्चा हुई। उन्होंने शुक्रवार शाम को ली बैठक में जिला गंगा योजना से जुड़े सभी सदस्यों को निर्देश दिए की तय समय सीमा के अंदर गंगा कार्य योजना तैयार करें।बैठक में वन एवं वन्य जीव के वनाधिकारी ने बताया की नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प के लिए चयन किया जा चुका है। अधिकारीयों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को भी निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का आव्हान किया।बैठक में सीडीओ, डीएफओ,ए डीएम सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर पर रोक को लेकर उद्योग व्यापार मंडल ने जताया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक में कमर्शियल गैस सिलिंडरों पर लगाई गई रोक और पीलीभीत टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली असम हाईवे सहित जंगल क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों पर रात्रि में आवागमन प्रतिबंध को लेकर व्यापारियों ने गहरा रोष व्यक्त किया। व्यापारियों ने इसे अपनी आजीविका पर सीधा हमला बताते हुए इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी और आवश्यकता पड़ने पर धरना-प्रदर्शन करने की भी बात कही।प्रांतीय व्यापारी नेता हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान में शाम साढ़े पांच बजे आयोजित बैठक की अध्यक्षता नगराध्यक्ष हाजी जाहिद खां ने की। बैठक में व्यापारी नेता एवं विधायक बाबूराम पासवान ने जिला पूर्ति अधिकारी से मोबाइल फोन पर बातचीत कर कमर्शियल गैस सिलिंडरों पर लगी रोक को लेकर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह रोक व्यापारियों और आम जनता दोनों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बैठक में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश (17 नवंबर 2025) के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से गुजरने वाली सड़कों–असम हाईवे (पीलीभीत-माधोटांडा), पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग और माधोटांडा-खटीमा मार्ग–पर रात्रि में (सूर्यास्त से सूर्योदय तक) सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए लागू किया गया है, जिसमें एम्बुलेंस और आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई है।व्यापारियों ने कहा कि इन सड़कों पर रात्रि प्रतिबंध से व्यापार, परिवहन और दैनिक आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, खासकर पूरनपुर और आसपास के क्षेत्रों में जहां रात में सामान की ढुलाई और यात्रा आवश्यक होती है। उन्होंने मांग की कि इस प्रतिबंध को तत्काल हटाया जाए या वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।बैठक में नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, बलजीत सिंह खैहरा, संजीव गुप्ता, अंकुश खंडेलवाल सहित अन्य प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।व्यापारी नेताओं ने प्रशासन से तत्काल वार्ता की मांग की और चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो व्यापारी संगठित रूप से आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण महत्वपूर्ण है, लेकिन व्यापारियों की आजीविका और जनजीवन को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रशासन की ओर से अभी तक इस बैठक पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन व्यापारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

## युवक पर युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक ग्रामीण ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री के बहला-फुसलाकर ले जाने की तहरीर थाना जहानाबाद में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश और बरामदगी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।ग्रामीण ने रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 11 मार्च को होली मिलने रिश्तेदारी में गए हुए थे। इस दौरान उनकी 20 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। तभी थाना माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव के निवासी उसके साले का पुत्र रचित ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।घर लौटने पर जब पिता ने बेटी की तलाश की तो कहीं कोई सुराग नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी न मिलने पर उन्होंने थाने पहुंचकर पूरी घटना की लिखित तहरीर दी।थाना जहानाबाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रचित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने युवती की बरामदगी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है या कोई अन्य वजह है।पुलिस ने परिवार से अपील की है कि वे शांत रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

युवती की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है और जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई होने की उम्मीद है।परिजन सदमे में हैं और बेटी की जल्द वापसी की दुआएं मांग रहे हैं।







## भारतीय मजदूर संघ के ब्रह्मस्वरूप वर्मा बने अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई का वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को शहर के भारत मुकुट वेंकट सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा, प्रदेश मंत्री देव वर्मा और वरिष्ठ पदाधिकारी आर.पी. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। संघ के संस्थापक स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगरी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

अधिवेशन में जिला अध्यक्ष साधुराम दिवाकर ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा करते हुए नई टीम के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कराई। प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से ब्रह्मस्वरूप वर्मा को जिला अध्यक्ष और शेर सिंह चौहान को जिला मंत्री चुना गया।

नई कार्यकारिणी में साधुराम दिवाकर को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।



चुनाव के बाद मौजूद पदाधिकारी

सूरज अग्निहोत्री, शीशपाल सिंह, राजेंद्र शर्मा तथा विजय राजपूत को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। योगेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष तथा नंद किशोर कश्यप को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया।

संयुक्त मंत्री पद पर अमरेश कुमार, ओमकार सिंह, बृजलाल और राजकुमार को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा राजकुमार वर्मा को मीडिया प्रभारी और बृजेश कुमार को ऑडिटर बनाया गया है।

अधिवेशन के समापन पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और मजदूर वर्ग के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## सपाइयों ने मनाई पूर्व राज्यसभा सांसद की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय पर समाजवादी के धनश्री शिवदयाल चौरसिया जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से गरीब, किसान, नौजवान और हर कमजोर वर्ग की आवाज बनकर काम करती आई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा समाज में बराबरी, भाईचारा और विकास की भावना को मजबूत करती है, और कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन मूल्यों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व राज्यसभा सांसद समाजवाद के धनश्री शिवदयाल चौरसिया जी का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि उनका राजनीतिक जीवन समाज सेवा, सादगी और जनसमर्पण का उदाहरण रहा है। उन्होंने हमेशा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाया और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए। सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि चौरसिया जी जैसे वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके अनुभव और विचारों से पार्टी संगठन को मजबूती मिलती है और कार्यकताओं को जनता के बीच बेहतर तरीके से काम करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर समाजवादी विचारधारा को मजबूत करें और जनता के हितों के लिए लगातार काम करते रहें। इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया जी का जीवन समाज और गरीबों की सेवा को समर्पित रहा है। उनके मार्गदर्शन और संघर्ष से समाजवादी आंदोलन को हमेशा मजबूती मिली है और कार्यकताओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहती है। कार्यक्रम का संचालन 129 विधानसभा पूरनपुर संजय सिंह यादव ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट,धनपति वर्मा एडवोकेट रमेश राजा,सतीश चंद्र वर्मा,भगवानदीन वर्मा,निशान अहमद,रामौतार वर्मा,ठाकुर मीता सिंह,मानवेंद्र सिंह यादव,रामस्वरूप पाल,चंद्रप्रकाश, जसपाल सिंह यादव, रानू पाण्डे एडवोकेट,रामू आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।




पूर्व राज्यसभा सांसद कि जयंती मनाते सपाई

## ब्लेसिंग मुजरबानी ने पीएसएल की जगह आईपीएल को दी तवज्जो, केकेआर के साथ किया करार

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की जगह जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी के साथ करार किया है। केकेआर ने शुक्रवार को मुजरबानी को टीम में लेने की पुष्टि कर दी है। आईपीएल में खेलने के कारण मुजरबानी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में इस्लामाबाद युनाइटेड के लिए नहीं खेल सकेंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, मुजरबानी ने इस्लामाबाद फ्रेंचाइजी को अपने फैसले की जानकारी दे दी है।

खिलाड़ियों की नीलामी में केकेआर ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनका आधार मूल्य दो करोड रुपए था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद केकेआर इस 30 वर्षीय गेंदबाज को अपनी टीम से जोड़ने में सफल रहा था। रहमान को टीम में रखने के कारण केकेआर के सह-मालिक और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। रहमान 2016 से आठ बार आईपीएल में खेल चुके हैं। उन्होंने केवल 2019 और 2020 में टूनामेंट में भाग नहीं लिया था। वह सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी टीमों के लिए खेल चुके हैं। तीन बार के चैंपियन केकेआर ने पहली बार उन्हें अपनी टीम से जोड़ा था। लेकिन बीसीसीआई के निर्देश पर टीम ने मुस्तफिजुर को बाहर कर दिया था।

केकेआर ने पिछले साल हुई मिनी नीलामी में मुस्तफिजुर रहमान को खरीदा था, लेकिन देश में इस फैसले का काफी विरोध हुआ था जिसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने केकेआर से मुस्तफिजुर को बाहर करने कहा था। मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद बीसीसीआई ने कोलकाता फ्रेंचाइजी को उनके बदले किसी खिलाड़ी को शामिल करने का विकल्प रखा था और अब टीम ने मुजरबानी को लेने का फैसला किया।

मुजरबानी इससे पहले पीएसएल में मुल्तान सुल्तान को खिताब दिला चुके हैं। उन्हें 11 फरवरी को पीएसएल की नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था, लेकिन बाद में इस्लामाबाद फ्रेंचाइजी ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ की जगह मुजरबानी के साथ करार किया था। हालांकि, केकेआर के साथ करार करने के बाद अब मुजरबानी ने आईपीएल में ही खेलने का फैसला किया है।

मुजरबानी हाल ही में संपन्न हुए टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने छह मैचों में 13 विकेट झटके थे। 29 वर्षीय मुजरबानी पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में चोटिल लुंगी एनगिडी के रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल हुए थे, लेकिन उन्हें एक मैच में भी खेलने का मौका नहीं मिला था। माना जा रहा है कि मुजरबानी 17 मार्च को कोलकाता पहुंचेंगे।

# गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड देगा बीसीसीआई

- द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा
- 19 वर्ल्डकप जिताने वाले म्हात्रे भी सम्मानित होंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और हेड कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। मीडिया के मुताबिक, 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई एनुअल अवॉर्ड प्रोग्राम होगा।

इसके अलावा, आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारत इसी साल की शुरुआत में अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। राहुल द्रविड़ के अलावा मिताली राज को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुंबई एसोसिएशन को बेस्ट क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अब तक इसे लेकर बीसीसीआई के तरफ से कोई ऑफिशियन बयान नहीं आया है।



- **गिल पिछले साल तीनों फॉर्मेट के टॉप स्कोरर**- साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। कुल मिलाकर उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।
- **द्रविड़ ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया**-द्रविड़ को टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है, उन्होंने टेस्ट में 13,288 और वनडे में 10,889 रन बनाए। कोच के रूप में उनके कार्यकाल में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची और 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 2024 भी जीता।


# पिता के निधन के बाद जितेश की बदली सोच

- **बोले**- वर्ल्डकप टीम से बाहर होने का दुख छोटा लगा, मैं फिनिशर बनने को तैयार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से उन्हें निराशा जरूर हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद उनके जीवन में ऐसा व्यक्तिगत दुख आया जिसने उनकी सोच पूरी तरह बदल दी।

जितेश के पिता मोहन शर्मा का 1 फरवरी को छोटी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उस समय वह सात दिन तक अपने पिता के साथ रहे और उसी दौरान उन्हें एहसास हुआ कि परिवार उनके लिए वर्ल्ड से भी ज्यादा महत्वपूर्ण था।

मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में जितेश ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव और निजी जिंदगी पर खुलकर बात की।



### जितेश बोले-

- **वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरे पिता को मेरी जरूरत थी**- वर्ल्ड कप टीम से बाहर होने के अनुभव पर जितेश ने कहा,जब मुझे पता चला कि मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ है, तो मैं थोड़ा निराश था। आखिर मैं भी एक इंसान हूं और बुरा महसूस करना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ही समय बाद मेरे पिता बीमार हो गए और 1 फरवरी को उनका निधन हो गया। मैं उनके आखिरी सात दिनों में उनके साथ था। तब मुझे अहसास हुआ कि मेरे पिता को वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरी जरूरत थी। उसके बाद मेरे मन में टीम से बाहर होने का कोई दुख नहीं रहा।

### क्रिकेट सीखी मजबूती

जितेश का कहना है कि क्रिकेट ने उन्हें इस दुख के साथ आगे बढ़ना सिखाया है। उन्होंने कहा,अगर मेरे पिता आज जिंदा होते तो वह मुझे यही कहते कि जाओ और अभ्यास करो, मेरे बारे में चिंता मत करो। इसलिए जब भी मैं दुखी होता हूं, यही सोचता हूं कि वह मुझे खेलने और आगे बढ़ने की सलाह देते।

### रिंकू सिंह से ली प्रेरणा

जितेश ने अपने साथी खिलाड़ी रिंकू सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि निजी मुश्किलों के बाद मैदान पर लौटना बहुत बड़ी बात होती है।

### विराट कोहली से मिलती है प्रेरणा

जितेश ने बताया कि आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ रहते हुए उन्हें विराट कोहली को करीब से देखने का मौका मिलता है, जिससे उन्हें काफी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि कोहली की तैयारी,अनुशासन और ऊर्जा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सिर्फ छोटी-छोटी चीजें देखकर भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। जिस तरह विराट अपना दिन शुरू करते हैं और तैयारी करते हैं, वह बहुत प्रेरणादायक है। हालांकि 32 साल की उम्र में भी मैं उनकी ऊर्जा की बराबरी नहीं कर सकता।

### घर के बड़े बेटे की जिम्मेदारी

- **परिवार के सामने कमजोर नहीं हो सकता**- पिता के जाने के बाद जितेश अब अपने परिवार में सबसे बड़े बेटे की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा,जब आप अपने पिता को खो देते हैं, तब आपको समझ आता है कि अब परिवार के फैसले लेने की जिम्मेदारी आपकी है। मुझे अपनी मां और भाई का ख्याल रखना है। मैं उनके सामने अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं कर सकता और न ही कमजोर दिख सकता हूं, क्योंकि जब मैं क्रिकेट खेलता हूं तो वे मुझे ही देख रहे होते हैं।

शतरंज का नन्हा जादूगर

# दुनिया का नंबर-1 खिलाड़ी

- तमिज अमुधन 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी, आठ साल की उम्र में जीती कार



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के तमिज अमुधन इस समय विश्व शतरंज जगत में चर्चा का केंद्र है। मात्र 9 साल की उम्र में तमिज न केवल अंडर-9 कैटेगरी में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी बन गए हैं, बल्कि वे इस उम्र में 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। तमिज ने महज चार साल की उम्र में चचेरे भाइयों को देखकर शतरंज सीखना शुरू किया था। उनके भीतर खेल की सहज समझ इतनी गहरी थी कि एक जिला स्तरीय टूर्नामेंट के दौरान कल्लाकुरिची के एक बस ड्राइवर रविचंद्रन की नजर उन पर पड़ी। रविचंद्रन पार्ट-टाइम शतरंज कोचिंग भी देते थे। उन्होंने देखा कि बिना किसी औपचारिक ट्रेनिंग के भी इस छोटे से बच्चे ने अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

### एथेंस ऑफ द ईस्ट शतरंज टूर्नामेंट में रविचंद्रन ने सिल्वर मेडल जीता

रविचंद्रन ने तमिज की प्रतिभा को पहचान लिया और उन्हें मुफ्त में कोचिंग देने का फैसला किया। इसके बाद तमिज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 6 साल की उम्र में उन्होंने स्टेट अंडर-9 टूर्नामेंट में 9 में से 9 अंक हासिल कर सबको हैरान कर दिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा 'ब्रेक' था। तमिज के करियर का सबसे यादगार पल पिछले साल आया। 'एथेंस ऑफ द ईस्ट' शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने ?सिल्वर मेडल जीता। पुरस्कार के रूप में इस 8 साल के बच्चे को कार दी गई। किसी भी एथलीट के लिए इतनी कम उम्र में ऐसा पुरस्कार जीतना एक दुर्लभ उपलब्धि है।

तमिज की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का असाधारण बलिदान है। पिता सरकारी नौकरी में हैं और साधारण कृषि पृष्ठभूमि से आते हैं। तमिज की बेहतर ट्रेनिंग के लिए परिवार ने एक कठिन फैसला लिया। तमिज की मां उनके साथ 350 किलोमीटर दूर दूसरे शहर में रहती हैं ताकि ट्रेनिंग बाधित न हो। वहीं, पिता घर पर 10 साल की बेटी उथिशा के साथ रहते हैं। तमिज के पिता स्वीकार करते हैं कि शतरंज महंगा खेल है। यात्रा, रहने, एंट्री फीस और कोचिंग का खर्च उठाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। तमिज के पिता का कहना है कि अगर उन्हें पहले पता होता कि इस क्षेत्र में इतना खर्च आता है, तो शायद वे इस खेल को नहीं चुनते। लेकिन अब जब वह नंबर-1 खिलाड़ी है, तो हम उसे बीच रास्ते में नहीं छोड़ सकते। तमिज की इस यात्रा को जारी रखने के लिए अब उन्हें किसी बड़े प्रायोजक की जरूरत है। आर्थिक तंगी के कारण वे कई बार नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स में हिस्सा नहीं ले पाए थे।

## क्रिकेटर कुलदीप की शादी में होगी 20 हजार की थाली

### शादी का कार्ड राधा-कृष्ण थीम पर, सुनहरी नक्काशी में दिखी रजवाड़े जैसी झलक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। शादी में शामिल होने के लिए कानपुर से परिवार और रिश्तेदार मसूरी रवाना हो चुके हैं। यह शादी 14 मार्च (शनिवार) को मसूरी के आलीशान 'वेलकम होटल द सेवॉय' में होगी।



इसके तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी। इस शादी का बजट 2 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कुलदीप और वंशिका की शादी का खूबसूरत और शाही वेडिंग कार्ड भी सामने आया है। निमंत्रण पत्र की थीम राधा-कृष्ण पर आधारित है। इसकी बनावट, नक्काशी और उस पर उकेरी गई कलाकृतियां किसी शाही रजवाड़े का अहसास कराती हैं। कार्ड की कीमत करीब 2200 रुपये बताई जा रही है। वहीं, मेहमानों के लिए वेज और नॉनवेज दोनों तरह के व्यंजन रखे गए हैं। खाने की एक प्लेट की कीमत करीब 20 हजार रुपये है।

### शाही अंदाज और बारीक नक्काशी

कार्ड का बेस हल्के गुलाबी (पीच) रंग का है। इस पर बेहद बारीक फ्लोरल (फूल-पत्तियों) पैटर्न छपा है। कार्ड पर गोल्ड फॉयल वर्क (सुनहरी नक्काशी) है। किनारों पर महल के गुंबदों और आकृतियों को उभारने के लिए सुनहरे रंग का इस्तेमाल किया है, जो इसे एक उ्च और विंटेज लुक देता है। कार्ड के ऊपरी हिस्से पर एक शानदार गोल्डन लॉक (बकल) है, जिसके ऊपर गुलाबी फूलों की डिजाइन बनी है।

## द हंड्रेड-पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लगा झटका, ऑक्शन में नहीं मिला खरीदार



**लाहौर (एजेंसी)।** इंग्लैंड की लोकप्रिय 100 गेंदों की लीग द हंड्रेड के 2026 सीजन के लिए हुए विमेन्स ऑक्शन में पाकिस्तान की महिला क्रिकेटरों को निराशा हाथ लगी। ऑक्शन में शामिल चारों पाकिस्तानी खिलाड़ी अनसोल्ड रह गईं और किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने स्क्वॉड में शामिल नहीं किया। इस सूची में फतीमा सना, सादिया इकबाल, मुनवा अली,डीना बेग जैसे खिलाड़ी शामिल थीं, जिन्होंने 15,000 पाउंड के बेस प्राइस के साथ ऑक्शन के लिए अपना नाम दर्ज कराया था।

### शॉर्टलिस्ट के बाद भी नहीं मिली टीम

ऑक्शन प्रक्रिया में चार में से दो खिलाड़ियों को अंतिम चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शीर्ष रैंक वाली गेंदबाज सादिया इकबाल फाइनल लिस्ट में शामिल थीं। हालांकि, अंतिम बोली प्रक्रिया के दौरान किसी भी फ्रेंचाइजी ने इन दोनों खिलाड़ियों के नाम पर बोली नहीं लगाई। इस वजह से दोनों खिलाड़ी भी अनसोल्ड रह गईं और आगामी सीजन में द हंड्रेड का हिस्सा नहीं बन सकेंगी।

## आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

### 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी-एसआरएच का ओपनिंग मैच, विक्ट्री परेड में यहीं भगदड़ मची थी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा।

यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इसी मैदान में पिछले साल 4 जून को आरसीबी के पहले टाइटल जीतने के बाद हुई विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु के मैच कर्नाटक सरकार की एक्सपर्ट कमेटी से मंजूरी के बाद ही होंगे।




एक्सपर्ट कमेटी 13 मार्च 2026 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण करेगी।

**16 दिन में 4 डबल हेडर होंगे**- आईपीएल 2026 के पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ गुवाहाटी में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। ऋतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली सीएसके में संजू सैमसन पहली बार खेलते दिखेंगे। वे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

**दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा**- आईपीएल के दूसरे फेज का शेड्यूल 5 राज्यों में होने वाले चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जारी किया जाएगा। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, तब टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है।

# रिलायंस ग्रुप की बढ़ी मुश्किलें: 228 करोड़ की ऋण धोखाधड़ी में अनिल अंबानी के बेटे अनमोल से CBI की 6 घंटे तक पूछताछ

**एजेंसी समाचार**

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दर्ज 228 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी के मामले में अनिल अंबानी के पुत्र जय अनमोल अंबानी का बयान दर्ज किया। यह मामला पिछले साल छह दिसंबर को दर्ज किया गया था। इस मामले में जय अनमोल अंबानी, रवींद्र सुधालकर सहित अज्ञात व्यक्तियों और अज्ञात लोक सेवकों को आरोपी बनाया गया है।



जांच एजेंसी ने जय अनमोल अंबानी को शुक्रवार को दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में जांच में शामिल होने के लिए तलब किया था। एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी ने कहा, जय आज जांच अधिकारी के सामने पेश हुए और उनसे करीब 6.5 घंटे तक पूछताछ की गयी। आगे की पूछताछ के लिए आरोपी को शनिवार को भी बुलाया गया है। सीबीआई ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (रिलायंस एडीए ग्रुप की एक कंपनी), इसके प्रमोटरों/निदेशकों और अज्ञात बैंक अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया था। शिकायत में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक कदाचार का आरोप लगाया गया है, जिससे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व में आंध्रा बैंक) को 228.06 करोड़ रुपये की क्षति हुई है। रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के खाते को 2019 में 'गैर-निष्पादित संपत्ति' (एनपीए) घोषित किया गया था और बाद में 2024 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने इसे धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया था। रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित 18 बैंकों, वित्तीय संस्थानों, एनबीएफसी और कॉर्पोरेट निकायों से 5,572.35 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। इन आरोपों की विस्तृत जांच चल रही है कि आरोपी कंपनी ने कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ धोखाधड़ी की है। इससे पहले 2025 में सीबीआई ने मुंबई में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत से तलाशी वारंट प्राप्त किया था और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के मुंबई स्थित दो आधिकारिक परिसरों अनिल अंबानी के पुत्र और कंपनी के पूर्व निदेशक जय के आवासीय परिसर और आरएचएफएल के पूर्व सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधालकर के आवास पर तलाशी ली थी।

# सोना-चांदी चार फीसदी तक लुढ़के

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** मजबूत अमेरिकी डॉलर और वैश्विक मौद्रिक नीति में दर कटौती की अनिश्चितता के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कीमती धातुओं की कीमतों में चार फीसदी तक की गिरावट आई। चांदी 11,000 रुपये गिरकर 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। वहीं, सोना 2,000 रुपये फिसलकर 1,63,200 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ।

अखिल भारतीय सरार्फा संघ के अनुसार, चांदी 3.97 फीसदी की गिरावट के साथ 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई, जो गुरुवार के 2,76,500 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से कम है। सरार्फा बाजार में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1.21 फीसदी की गिरावट के साथ 1,63,200 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ। पिछले सत्र में यह 1,65,200 रुपये प्रति दस ग्राम पर था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने बताया कि घरेलू बाजार में सोने की कीमतों पर मजबूत अमेरिकी डॉलर और मौद्रिक नीति में ढील की बदलती उम्मीदों का लगातार दबाव रहा।

उन्होंने कहा कि ईरान में बढ़ते संघर्ष ने कच्चे तेल की कीमतों को बढ़ा दिया है, जिससे मुद्रास्फीति की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इससे केंद्रीय बैंकों को लंबे समय तक सख्त रुख बनाए रखने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। परमार ने कहा, "हालांकि अल्पकालिक अस्थिरता और व्यापारियों द्वारा लंबी बिकवाली जारी रह सकती है, लेकिन दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। एक बार भू-राजनीतिक तनाव स्थिर होने के बाद, केंद्रीय बैंक अधिग्रहण और खुदरा निवेश में फिर से वृद्धि से कीमतों को मजबूत आधार मिलने की उम्मीद है।" अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी लगभग एक फीसदी की गिरावट के साथ 83.14 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी, जबकि सोना मामूली रूप से बढ़कर 5,088 डॉलर प्रति औंस पर था।

CMYK

# ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण: राजनाथ सिंह बोले- योगी जी ने माफिया को सही किया, लोग इनको 'बुलडोजर बाबा' कहते हैं

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में 57 किलोमीटर लंबे ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। झूलेलाल पार्क में हुए समारोह में कई मंत्री और भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए।

लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लोकार्पण किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे जनता को समर्पित किया। झूलेलाल पार्क में लोकार्पण समारोह हुआ। यूपी सरकार के कई मंत्री और भाजपा पदाधिकारी भी इसमें शामिल हैं। यह ग्रीन कॉरिडोर कुल 57 किलोमीटर लंबा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, योगी जी को लोग बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया। बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं। नए विकास की जमीन भी






तैयार करता है। कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। यह नया अध्याय होगा। डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है।

ब्रह्मोस, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी लखनऊ में होगा। ब्रह्मोस से हमने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। अगर उन्होंने दोबारा कभी ऐसा करने का सोचा तो वह इससे कभी उबर नहीं पाएंगे। ब्रह्मोस की टेस्टिंग, इंटीग्रेशन फैसिलिटी का काम अब लखनऊ में होगा। लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का काम हो रहा है।

इस महीने के अंत या अप्रैल महीने की शुरूआत में ही लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे शुरू हो जाएगा। इसके बाद दोनों शहरों के बीच की दूरी मात्र 35 से 40 मिनट के बीच तय हो सकेगी। सीएम विकास के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान दे रहे। घर घर से कूड़ा उठाया जा रहा। पहले लोग गोमती में कूड़ा फेंक देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले साल लखनऊ को स्वच्छता में तीसरी रैंक मिल चुकी है, इसके लिए सभी को बधाई।

**जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया**

सीएम योगी ने कहा, प्रशासन की जिस जमीन पर आक्रमण किया गया था, उसी जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया। इसमें शासन ने प्राधिकरण को पैसा नहीं दिया है। लखनऊ एआई सिटी के रूप में विकसित होगा। सरकार ने इसके लिए भी धन की व्यवस्था कर ली है। दुश्मन को ठिकाने लगाने वाले ब्रह्मोस के इंजीनियर ज्यादातर अङळक, पॉलीटेक्निक और सरकारी कालेजों से हैं। लखनऊ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित हो रहा है।

## एसआई भर्ती परीक्षा कल से, प्रदेश के 1090 केंद्रों पर होगा आयोजन; मिलेगा पांच मिनट का अतिरिक्त समय

कार्यालय जागरण मोर्चा



**लखनऊ।** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार और रविवार को प्रदेश के सभी जिलों के 1090 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को आवश्यक निर्देश पढ़ने, उपस्थिति पत्रक भरने तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के लिए निर्धारित परीक्षा अवधि के अतिरिक्त पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलों में प्रश्नपत्र पहुंचने के बाद उन्हें डबल लॉक में सुरक्षित रखा गया है। शनिवार को परीक्षा शुरू होने से पहले कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं, शुक्रवार से ही परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सॉल्वर गैंग और पेपर लीक गिरोहों पर एसटीएफ समेत सभी सुरक्षा एजेंसियां नजर बनाए हुए हैं। महिला अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके गृह जनपद के मंडल वाले जिले में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एसबी शिरडकर ने अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। बोर्ड की ओर से 4543 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। भर्ती के लिए कुल 1575760 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, जिनमें 1166386 पुरुष और 409374 महिलाएं शामिल हैं। परीक्षा शनिवार और रविवार को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

## एडीजी एलओ अमिताभ यश बोले- प्रतिबंधित मांझे का निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल न करें

कार्यालय जागरण मोर्चा



**लखनऊ।** प्रदेश में चीनी व सिंथेटिक/शीशा चढ़े नायलॉन मांझे से कई लोगों की जानें जा चुकी हैं और तमाम लोग घायल हो चुके हैं। पशु-पक्षियों के लिए भी यह मांझा घातक है। इसको लेकर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर (एलओ) अमिताभ यश ने प्रदेश के सभी पुलिस अफसरों को निर्देश जारी किए। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा है कि मांझे का निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पूरी तरह बंद होना चाहिए। जो भी इसका उपयोग कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

इसके अलावा उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह इस मांझे का न निर्माण करें और न ही बिक्री करें। एडीजी ने कहा कि हाईकोर्ट और एनजीटी प्रदेश में चीनी मांझे पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। शासन भी इसी क्रम में निर्देश जारी चुका है। जिसके तहत स्पष्ट आदेश है कि अगर मांझे से किसी की जान जाती है तो इस्तेमाल करने वाले पर हत्या का केस दर्ज होगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पहुंचेंगे सहारनपुर, 75 करोड़ के विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाकुंभरी देवी पहुंचकर पहले माता का आशीर्वाद लेंगे। उसके बाद विकास कार्यों पर बात करेंगे। मंडलायुक्त, डीआईजी, डीएम और एसएसपी शुक्रवार को दिन भर तैयारियों में जुटे रहे।





सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार को प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को मंडलायुक्त रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल और एसएसपी अभिनंदन सिंह ने सिद्धपीठ पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के लिए हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड भी बनाया जा रहा है।

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी आ सकते हैं। शुक्रवार दोपहर जैसे ही अधिकारियों को इसकी सूचना मिली, तभी बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गईं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री मंदिर पहुंचकर मां भगवती के दर्शन करने के बाद आसपास के क्षेत्र में चल रही पर्यटन योजनाओं तथा सेतु निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसी क्रम में मंडलायुक्त, डीआईजी तथा जिलाधिकारी ने भी सिद्धपीठ पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए गांव नागलमाफी के पास अस्थायी हेलीपैड तैयार कराया जा रहा है। नागलमाफी से भूरादेव तक सड़क के दोनों किनारों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाईकर्मियों को लगाकर पूरे मार्ग की साफ-सफाई कराई जा रही है, ताकि आगमन के समय व्यवस्थाएं सुचारु रहें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सलिल पटेल, एसपी देहात सागर जैन, लोनिवि के अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र सिंह, एसडीएम मानवेंद्र सिंह सीओ वैभव पांडे, बीडीओ योगेंद्र सिंह, एसडीओ लोनिवि प्रवीण सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

75 करोड़ की लागत से से शाकंभरी में चल रहे विकास कार्य

पर्यटन विभाग के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर ने बताया कि सिद्धपीठ के आसपास के क्षेत्र में लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों में पर्यटन सुविधा केंद्र 65 प्रतिशत, ओपन एयर थिएटर प्रतिशत, मल्टी लेवल कार पार्किंग 30 प्रतिशत, टॉयलेट ब्लॉक पब्लिक सोवेनियर शॉप शत प्रतिशत, शाकंभरी देवी पदयात्रा मार्ग सुदृढ़ीकरण 85 प्रतिशत, शाकंभरी द्वार कॉम्प्लेक्स 70 प्रतिशत, साइनेज स्थापना कार्य 25 प्रतिशत, शाकंभरी देवी पदयात्रा प्रकाश व्यवस्था 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इसके अलावा सेतु निगम विभाग द्वारा भूरादेव से सिद्धपीठ तक बन रहे एलिवेटेड पुल एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है।

## प्रदेश में सक्रिय हुआ पश्चिमी विक्षोभ, 26 जिलों में चलेंगी तेज हवाएं

### कई इलाकों में बारिश-ओले की चेतावनी

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। मौसम विभाग ने 15 मार्च यानी रविवार के लिए प्रदेश के तराई व पश्चिमी इलाकों के 26 जिलों में गरज चमक के साथ 30से 50 किमी प्रति घंटा रफ्तार वाली हवाएं चलने की संभावन जताई है। मौसम विभाग ने 15 व 16 मार्च को तराई व पश्चिमी जिलों में बारिश और मध्यांचल में तेज हवा और बादलों की सक्रियता बढ़ने का पूवार्नुमान जारी किया है।

वहीं पूर्वी तराई के कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि की भी आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि इस विक्षोभ के असर से पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में पड़ेगा और लगभग 35 जिलों में गरज चमक और बूंदाबांदी की आशंका है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि यूपी में नए विक्षोभ के असर से तराई व पूर्वांचल में 15




व 16 मार्च को गरज चमक और तेज हवा के झोंके के साथ हल्की से मध्यम बारिश के संकेत है। इसके असर से दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री और रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट के संकेत हैं। 19 मार्च से प्रदेश में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसका प्रदेश में व्यापक असर होगा।

प्रदेश में शुक्रवार को बांदा में इस सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। यहां सर्वाधिक 40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। वहीं वाराणसी में 36.9 डिग्री और प्रयागराज व उरई और 36.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। 22.6 डिग्री के साथ बांदा में सबसे गर्म रात रही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

## गैस सिलिंडर के लिए लोग रो रहे, आपूर्ति के जिम्मेदार सो रहे, जमकर चल रहा कालाबाजारी का धंधा

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने देश में गैस उत्पादन बढ़ाने के आदेश दिए हैं। इधर, अफसर भी कह रहे हैं कि प्रदेश में गैस सिलिंडर, पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। इन सब के बावजूद शहर में हर गैस एजेंसी पर बुकिंग कराने और सिलिंडर लेने के लिए मारामारी की स्थिति बनी हुई है।

दरअसल, गैस किल्लत का माहौल बनने के साथ मुनाफाखोर सक्रिय हो गए हैं, जिससे कालाबाजारी का धंधा जोरों पर है। सिलिंडरों से गैस चोरी का धंधा भी चार गुना तक बढ़ गया है। इन सब के बावजूद ऐसे लोगों पर नकेल लगाने के लिए जिम्मेदार आपूर्ति विभाग की फौज आराम से सो रही है।

सूत्र बताते हैं कि एजेंसियों के गोदाम सिलिंडर से भरे हुए हैं, इसके बावजूद डिलीवरी नहीं दी जा रही है। इसके पीछे बुकिंग न होने का बहाना है। जो सिलिंडर वितरण के लिए गोदाम से निकल भी रहे हैं तो उन्हें बीच में गुप्त ठिकानों पर ले जाकर उसमें से गैस चोरी की जा रही है। आपूर्ति विभाग न गैस गोदामों में स्टॉक की जांच कर रहा है, न जमाखोरों के ठिकानों की पड़ताल।



वितरण के लिए जा रहे सिलिंडरों की रेंडम जांच भी नहीं हो रही। घरेलू सिलिंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर भी जिम्मेदारों ने आंखें बंद कर रखी हैं, जिसका फायदा गैस एजेंसी के वितरण नेटवर्क से जुड़े ठेकेदार कालाबाजारी करके उठा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी नहीं किया गया है, जिस पर लोग शिकायत दर्ज करा सकें।

जब से गैस सिलिंडरों की किल्लत शुरू हुई, तब से कालाबाजारी का धंधा जोरों पर है। तमाम गोदाम और गोपनीय जगहों पर घरेलू सिलिंडर से गैस निकालकर 19 किलो के व्यावसायिक सिलिंडर तैयार किए जा रहे हैं। इन्हें 4000 रुपये तक बेचा जा रहा है। मुख्यमंत्री की चेतावनी के बाद भी आपूर्ति विभाग ने गैस चोरी करने वालों और कालाबाजारी के खिलाफ कोई ठोस मुहिम शुरू नहीं की है।

गैस एजेंसियों ने ग्राहक के घर तक सिलिंडर की आपूर्ति करने के लिए ठेकेदारों को नियुक्त कर रखा है। ये ठेकेदार बुकिंग के 100 सिलिंडर गोदाम से लेकर जाते तो हैं, लेकिन इसमें से 30 से 40 मनमाने दाम में बेच रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं के घर सिलिंडर नहीं पहुंच रहे, उनकी शिकायत पर कार्रवाई भी नहीं हो रही।

जिला आपूर्ति अधिकारी विजय प्रकाश ने कहा कि राजधानी में गैस वितरण मामले को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के एरिया मैनेजर विशाल भरत देख रहे, आप उन्हीं से बात कर लें। विशाल भरत को पांच बार कॉल करने व मेसेज भेजने पर भी कोई जवाब नहीं मिला।

तेज उद्योग के राज्य स्तरीय समन्वयक संजय भंडारी का कहना है कि ऑयल कंपनियों के सर्वर पर आम दिनों के मुकाबले इस वक्त सिलिंडर बुकिंग का बोझ दस गुना बढ़ गया जिससे सॉफ्टवेयर सिस्टम प्रभावित हुआ है। यही वजह है कि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।